卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 207 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦4 मई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## उत्तराखण्ड में भूकंप से फिर डोली धरती

चमोली(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस हुए हैं, चमोली और रुद्रप्रयाग में सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये, जिसके बाद लोगों में दहशत का माहौल है, भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग घरों व दुकानों से बाहर निकल आये, जानकारी के मुताबिक चमोली जिले में सुबह 9:50 पर भूकंप के झटके महसूस हुए जबकि रुद्रप्रयाग में भूकंप 9: 54 मिनट पर महसूस हुआ, फिलहाल दोनों जिलों में किसी भी प्रकार के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है, रिएक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.3 बताई जा रही है। (शेष पृष्ठ 7पर)

# हादसे में यूट्यूबर की मौत

### 300 की स्पीड में बाइक चलाने के दौरान हुआ हादसा

देहरादून (उद ब्यूरो)। देहरादून निवासी मशहूर यूट्यूबर की दर्दनाक हादसे में मौत हो गई है। हादसा यमुना एक्सप्रेस वे पर हुआ। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त यूट्यूबर 300 की स्पीड में बाइक चला रहा था। जवान बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार हादसा थाना टप्पल क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस वे 47 माइल पर हुआ है। बताया जा रहा है कि यूट्यूबर अगस्त्य अपनी रेसिंग बाइक से आगरा से दिल्ली जा रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकरायी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हेलमेट चकनाचूर हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बता दें कि अगस्त्य चौहान उत्तराखंड के देहरादून के रहने वाले थे। वह यूट्यूब पर प्रो राईडर 1000 नाम से यूट्यूब चैनल चलाते थे। जिसमें उसके करोड़ों व्यूवर और लाखों की संख्या में सब्सक्राइबर हैं। वह दिल्ली में होने वाली लॉग राइड के कंपटीशन में भाग लेने के लिए निकले थे। उन्होंने अपनी रेसिंग बाइक को करीब 300 किलोमीटर (शेष पृष्ठ सात पर)



## दरोगा ने भाजपा नेताओं को पीटा,विरोध में प्रदर्शन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एक जमीनी विवाद को सुलझाने के लिए गये दो भाजपा नेताओं का दरोगा से विवाद हो गया। आरोप है कि ट्रांजिट कैम्प थाने के दरोगा ने दोनों भाजपा नेताओं को बुरी तरह से पीट दिया और थाने ले गये। भाजपा नेताओं की पिटाई के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं और हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर एसएसपी से दरोगा को निलंबित करने की मांग की है। सिविल लाइन रामपुर निवासी मदन लाल पुत्र मोहन लाल के मुताबिक उसने 2010 में शीतल चक्रवर्ती पुत्र स्व. जयचंद चक्रववर्ती से एक प्लाट खरीदा था। इस प्लाट पर उसका पड़ोसी जबरन निर्माण करा रहा है। इसकी शिकायत ट्रांजिट कैम्प थाने में की गयी तो पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। बुधवार को वह प्लाट पर सफाई कराने के लिए गया था उसके साथ उसके परिचित भाजपा नेता धर्मेन्द्र गंगवार और प्रदीप राठौर भी थे। दोनों भाजपा नेता टुकटुक पर बैठे हुए थे। आराप है कि इसी दौरान थाने से एसआई पूरन मोहर कुछ सिपाहियों को लेकर वहां पहुंचे और धमेन्द्र गंगवार व प्रदीप राठौर को सरेआम टुक टुक से खींचकर बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। यही नहीं धमैन्द्र राठौर के घर और दुकान पर पुलिस ने जबरन तलाशी ली और उनकी पत्नी के साथ भी गाली गलौच (शेष पृष्ठ सात पर)

## मौसम खुलने के बाद फिर शुरू हुई केदारनाथ यात्रा

देहरादून (उद संवाददाता)।केदारनाथ धाम में मौसम आज साफ बना हुआ है। जिसके बाद धाम में यात्रा सुचारू हो गई है। सोनप्रयाग से केदारनाथ के लिए यात्री भेजे गए। वहीं, हेली सेवा भी शुरू हो गई है। वहीं, पुलिस ने यात्रियों से मौसम का पूर्वानुमान लेकर ही यात्रा पर आने की अपील की है। साथ ही किसी भी विषम स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर ठहरने की सलाह दी गई है। बुधवार को बारिश व बर्फबारी के कारण केदारनाथ यात्रा रोकी गई थी। प्रशासन और पुलिस ने सोनप्रयाग, गौरीकुंड से किसी यात्री को आगे नहीं जाने दिया। शाम पांच बजे के बाद मौसम में सुधार को देखते हुए प्रशासन व पुलिस ने बृहस्पतिवार को सुबह 11 बजे से सोनप्रयाग से केदारनाथ (शेष पृष्ठ सात पर)



# लाखों की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि गश्त के दौरान एसटीएफ व पुलिस टीम ने सयुंक्त रूप से मुखबिर की सूचना पर एक नशा तस्कर को लाखों की स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार ड्रग फ्री देवभूमि अभियान के तहत एसटीएफ के उनि विपिन चन्द्र जोशी साथी पुलिस कर्मियों हेका. संजय, रियाज अख्तर, का. विरेन्द्र चौहान, अमरजीत सिह व गुरवंत सिह तथा पुलिस के उप निरीक्षक हरविंदर कुमार व कां. महेंद्र सिंह . के साथ क्षेत्र क्षेत्र मे गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम प्रीत बिहार मोड के पास पहुंची। जहां झा इण्टर कॉलेज के सामने एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से (शेष पृष्ठ सात पर)



## टीवी मैकेनिक स्मैक समेत गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। टीवी व एलईडी करने वाले मैकेनिक को एएनटीएफ ने 68 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित एएनटीएफ पुलिस टीम में शामिल उनि गुलाब कम्बोज चौकी प्रभारी मण्डी कानि. ललित,भानू प्रताप सिंह एसओजी के द्वारा धान मिल पुरानी आई टी आई बरेली रोड होते हुए विद्या पुष्प एकेडमी को जाने वाली गली से उषा त्रिपाठी का मकान वरेली रोड हल्द्वानी पर चौकिंग के दौरान एक व्यक्ति (शेष पृष्ठ सात पर)



## मदद के नाम पर फौजी से 1.89 लाख की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा फर्जी आईडी बनाकर मदद के नाम पर थल सेना में तैनात फौजी से 1.89 रूपये ठग लेने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने साईबर सेल प्रभारी को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। हेम सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह रिजर्व पुलिस लाईन रुद्रपुर ने प्रभारी साइबर सेल को दी तहरीर में कहा है कि 25 नवम्बर 2022 को ललित फर्त्याल नामक फेसबुक अकाउंट से उसके फेसबुक मेंसेजर पर मैंसेज आया। जिसमें उससे मदद के तौर पर यह बोल कर पैसों की मांग की गई कि आपके पैसे एक से दो दिन (शेष पृष्ठ सात पर)

## आदि कैलाश यात्रा के लिए रवाना हुआ पहला दल

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कुमाऊं मंडल विकास निगम की ओर से संचालित आदि कैलाश यात्रा बृहस्पतिवार से शुरू हो गई है। हल्द्वानी के काठगोदाम से शुरू होने वाली आठ दिवसीय यात्रा का पहला पड़ाव पिथौरागढ़ है। उच्च हिमालय क्षेत्र में लगातार बारिश और हिमपात के चलते यात्रियों के लिए यह यात्रा चुनौतिपूर्ण भी होगी।आदि कैलास यात्रा के लिए गुरुवार सुबह यात्रियों का पहला दल रवाना हो गया है। काठगोदाम स्थित कुमाऊं मंडल विकास निगम के पर्यटक आवास गृह से निगम के प्रबंध निदेशक विनीत तोमर और महाप्रबंधक एपी वाजपेई ने यात्रियों को रवाना किया। आदि कैलास यात्रा का पहला दल जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से 19 यात्री हैं। जिनमें 10 पुरुष और नौ महिलाएं हैं। जीएम वाजपेई ने बताया कि 16 यात्री गुजरात, दो केरल और एक-एक यूपी व दिल्ली से हैं। काठगोदाम पर्यटक आवास गृह से रवाना करने से पूर्व निगम के एमडी और जीएम ने यात्रियों का स्वागत किया। साथ ही तिलक लगाया गया और यात्रा से जुड़ी बातें उन्हें बताई गईं। यात्रियों से निवेदन भी किया कि यात्रा के दौरान उच्च हिमालय (शेष पृष्ठ सात पर)




## पांच पेटी अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने दो व्यक्तियों को कार में अंग्रेजी शराब की पांच पेटियां सहित गिरफ्तार कर लिया। उपनिरीक्षक हरविंद्र कुमार साथी पुलिस कर्मियों महेंद्र कुमार, विजय पाल व ललित कुमार के साथ गश्त करते हुए शुक्ला फार्म के पास पहुंचे तो उन्होंने तीन पानी किच्छा रोड पर बने कट पर किच्छा की तरफ से आने वाले वाहनों की चेकिंग शुरू की। कुछ देर बाद किच्छा की तरफ से कार आती दिखी। जब उसे रुकने का इशारा किया तो कार चालक गाड़ी पीछे की तरफ बैक करने लगा। जिस पर पुलिसकर्मियों ने पीछा कार को रूकवा लिया। वाहन में सवार दो लोगों से पूछताछ (शेष पृष्ठ सात पर)



## एसएसपी ने किये 26 दारोगाओं के तबादले

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी द्वारा कानून व्यवस्था में सुधार लाने के लिए जनपद के 26 उप निरीक्षकों के ट्रांसफर किये हैं। जिन उप निरीक्षको के स्थानांतरण हुए हैं उनमें उप निरीक्षक केसी आर्य को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी रम्पुरा कोतवाली रुद्रपुर, उप निरीक्षक कमाल हसन पुलिस लाइन से एसएसआई प्रथम कोतवाली रुद्रपुर, उप निरीक्षक अर्जुन गिरी चौकी प्रभारी रम्पुरा से एसएसआई द्वितीय कोतवाली रुद्रपुर, उप निरीक्षक कविंद्र शर्मा प्रभारी चौकी सरकड़ा कोतवाली सितारगंज से थाना ट्रांजिट कैंप, उपनिरीक्षक महेश पाल कोतवाली रुद्रपुर से प्रभारी चौकी आदर्श कॉलोनी रुद्रपुर, उप निरीक्षक विक्रम सिंह धामी एसएसआई कोतवाली बाजपुर से प्रभारी चौकी सरकंडा कोतवाली सितारगंज, उप निरीक्षक गोविंद सिंह मेहता एसएसआई कोतवाली किच्छा से एसएसआई कोतवाली बाजपुर, उप निरीक्षक संदीप सिंह पिलखवाल चौकी मंजुला कोतवाली खटीमा से प्रभारी चौकी बाजार कोतवाली खटीमा, उपनिरीक्षक होशियार सिंह प्रभारी चौकी बाजार कोतवाली खटीमा से (शेष पृष्ठ सात पर)

## पूर्व पार्षद के कातिल को पुलिस ने भेजा जेल

काशीपुर(उद संवाददाता)। पूर्व पार्षद की दिनदहाड़े फावड़े से काटकर हुई नृशंस हत्या के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 302 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद अभियुक्त को जेल रवाना कर दिया। ज्ञातव्य है कि मोहल्ला कानूनगोयान निवासी पूर्व पार्षद विपिन शर्मा उर्फ पप्पी को मोहल्ले के ही टेकचंद नामक एक व्यक्ति ने मौका पाकर उन पर फावड़े से प्राणघातक हमला करते हुए मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद कातिल खुद फावड़ा लेकर कोतवाली में पहुंच गया। उसने वहां पुलिस के समक्ष खुद को सरेंडर कर दिया। यह घटना जैसे ही शहर में जंगल में आग की तरह पहली मौके पर लोगों का हुजूम इकट्ठा हो गया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलते ही उसने तत्काल आरोपी युवक को अभिरक्षा में लेते हुए मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द किया। उधर दूसरी ओर मृतक के पुत्र करन शर्मा की तहरीर के आधार पर हत्याभियुक्त (शेष पृष्ठ सात पर)

## अनोखी शादी बनी चर्चा का विषय

### मुस्लिम युवती ने हिंदू युवक के साथ कोर्ट मैरिज करने को लगाई है अर्जी, मंदिर में लिए फेरे

काशीपुर(उद संवाददाता)। मुस्लिम युवती द्वारा हिंदू युवक से प्रेम विवाह किए जाने का एक अनोखा मामला यहां क्षेत्र में पिछले लगभग तीन दिनों से चर्चा का विषय बना है। इस मामले में युवती के पिता ने पुलिस महानिदेशक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री बालिग तो है लेकिन बगैर धर्म परिवर्तन कराएं मंदिर में विवाह करना न्याय संगत नहीं है। उसका आरोप है कि पिछले 5 अप्रैल से उसकी 19 वर्षीय पुत्री को विजय नामक युवक ने डरा धमका कर अपने पास रखा है। युवती के पिता का आरोप है कि बगैर विधिक प्रक्रिया अपनाएं उसकी पुत्री को मुस्लिम से हिंदू बनाया गया है जबकि दूसरी ओर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो फोटो से साफ है कि प्रेमी युगल ने मंदिर में शादी रचा ली। वायरल हो रहे एक वीडियो में युवती ने कहा कि उसने यह फैसला अपनी मर्जी से लिया है। इसलिए इस मामले में उसके ससुराल वालों को अथवा उसके तथाकथित पति को परेशान ना किया जाए। प्रेमी युगल ने कोर्ट मैरिज करने को लेकर परगना मजिस्ट्रेट किया आवेदन किया है। इसी के बाद से यह अनोखी शादी चर्चा का विषय बनी है।

# तीन दिन बाद बारिश और बर्फबारी से मिली राहत







रूद्रप्रयाग/चमोली/देहरादून। (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में तीन दिन बाद मैदान से लेकर पहाड़ तक बारिश से राहत मिली। वहीं, पहाड़ी इलाकों में भी बर्फबरी थमी है। सुबह चारधाम समेत प्रदेशभर में हल्की धूप खिली। वहीं मौसम विभाग ने पर्वतीय क्षेत्रों कहीं–कहीं गर्जना के साथ ओलावृष्टि और अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना जताई है।विगत तीन दिन से लगातार बारिश से मैदान से लेकर पहाड़ों तक जनजीवन प्रभावित है। बारिश से तापमान में भारी गिरावट होने से मई में भी लोगों को सर्दी का अहसास हो रहा है। हालांकि, बृहस्पतिवार से मौसम में बदलने के आसार हैं। मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार से पूरे राज्य में बारिश से राहत मिल सकती है। चारों धामों में भी मौसम साफ रहने की संभावना हैं। वहीं, पर्वतीय क्षेत्रों में उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली बागेश्वर, पिथौरागढ, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल और चंपावत में कहीं–कहीं हल्की बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। वहीं, 3200 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है। वहीं, पांच और छह मई को मौसम सामान्य रहने की संभावना है। पुलिस महानिदेशक व पुलिस अधीक्षक केदारनाथ में डेरा जमाए हुए है। बर्फबारी के बीच उन्होंने धाम में यात्रियों से संवाद कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। साथ ही व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इस दौरान बाबा के दर्शन करने वाले यात्रियों को निचले इलाकों के लिए भेजा गया। अपराह्न 3 बजे तक 2090 श्रद्धालु सोनप्रयाग लौट आए थे जबकि रुद्रप्रयाग से गौरीकुंड तक जगह–जगह अब भी 18,000 से अधिक श्रद्धालु रोके गए हैं। बुधवार को तड़के से ही केदारनाथ में बर्फबारी होती रही। सुबह करीब आठ बजे पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, एसपी डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने मंदिर परिसर, मार्ग सहित जीएमवीएन परिसर में यात्रियों से संवाद किया। उन्होंने यात्रियों से मौसम को देखते हुए धाम में पर्याप्त गर्म कपड़ों का उपयोग करने को कहा। पुलिस महानिदेशक ने देशवासियों से मौसम के हिसाब से चारधाम यात्रा का कार्यक्रम बनाने की अपील की। साथ ही कहा कि मौसम के अनुसार ही बृहस्पतिवार की यात्रा को लेकर निर्णय लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि केदारनाथ में 600 से अधिक श्रद्धालु रुके हुए हैं। इसके अलावा हक–हकूकधारी, कारोबारी, तीर्थपुरोहित, यात्रा ड्यूटी पर तैनात अधिकारी–कर्मचारी व पुलिस जवान हैं। बुधवार को बारिश व बर्फबारी के कारण केदारनाथ यात्रा रोकी गई थी। प्रशासन और पुलिस ने सोनप्रयाग, गौरीकुंड से किसी यात्री को आगे नहीं जाने दिया। शाम पांच बजे के बाद मौसम में सुधार को देखते हुए प्रशासन व पुलिस ने बृहस्पतिवार को सुबह 11 बजे से सोनप्रयाग से केदारनाथ के लिए पैदल यात्रा शुरू करने का निर्णय लिया है। पुलिस अधीक्षक डा. विशाखा अशोक भदाणे ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही यात्रा का संचालन किया जाएगा। सोनप्रयाग, गौरीकुंड से सीमित संख्या में यात्री भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि पैदल मार्ग पर तैनात पुलिस, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ के जवानों को भी पूरी तरह से सतर्क रहने को कहा गया है। गौरतलब है कि केदारनाथ और बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद से हर रोज बारिश व बर्फबारी से तीर्थयात्रियों की परेशानी बढ़ रही है। लगातार खराब मौसम के चलते व्यवस्थाओं पर नजर रखने के लिए बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय बदरीनाथ में डटे हैं। आगामी दिनों के लिए मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह को केदारनाथ धाम में ही कैंप करने के निर्देश हैं। केदारनाथ व बदरीनाथ धाम में बारिश और बर्फबारी के कारण श्रद्धालुओं को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश से बदरीनाथ में मास्टर प्लान का काम भी प्रभावित हो रहा है। मौसम और निर्माण कार्यों से श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वे तीर्थयात्रियों से फीडबैक लेकर प्रशासन व शासन के अधिकारियों से बात कर रहे हैं। बीकेटीसी अध्यक्ष ने आगामी दिनों के लिए मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह को केदारनाथ धाम में कैंप करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम में प्रतिकूल मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

## चारधाम यात्राः हेली सेवा के लिए 10 मई तक टिकट की बुकिंग फुल

### अब तक 3.52 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने किये दर्शन

देहरादून। चारधाम यात्रा में केदारनाथ हेली सेवा के लिए आठ से 10 मई तक टिकटों की बुकिंग मात्र 38 मिनट में ही फुल हो गई। इसमें कुल 663 टिकटों पर 1738 सीटों की बुकिंग की कई। उधर, केदारनाथ धाम में बारिश और बर्फबारी के कारण बुधवार को हेली सेवा का संचालन पूरी तरह से बंद रहा।उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) के सीईओ सी. रविशंकर ने बताया कि बुधवार को आईआरसीटीसी की ओर से हेली टिकटों की बुकिंग के लिए पोर्टल खोला गया था। जिसमें आठ से 10 मई तक की यात्रा के लिए टिकटों की बुकिंग की गई। जिसमें 38 मिनट में ही तीन दिन की सभी टिकटें फुल हो गई। उन्होंने बताया कि मौसम के कारण हेली सेवा का संचालन बाधित हो रही है। तीन मई को गुप्तकाशी, सिरसी और फाटा हेलिपैड से हेली सेवा का संचालन बंद रहा। उन्होंने बताया कि केदारनाथ के लिए हेली सेवा का 25 अप्रैल से शुरू हुई थी। दो मई तक आठ एविएशन कंपनी के कुल 964 उड़ान की गई। जिसमें 5342 यात्री हेलिकॉप्टर से केदारनाथ गए। जबकि 5116 यात्री वापस आए हैं। चारधाम यात्रा में केदारनाथ धाम के लिए पांच से 10 मई तक 1.25 लाख से अधिक तीर्थ यात्रियों का पंजीकरण कराया है। केदारनाथ धाम में लगातार बारिश और बर्फबारी के कारण यात्रा प्रभावित हो रही है। मौसम की दुश्वारियों के बावजूद यात्रियों का उत्साह कम नहीं हो रहा है। अब तक चारों धाम में 3.52 लाख से अधिक यात्री दर्शन कर चुके हैं।चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से प्रदेश में लगातार मौसम खराब है। केदारनाथ धाम में बारिश और बर्फबारी से यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम को देखते हुए सरकार ने चार मई तक केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए पंजीकरण पर रोक लगाई है। इसके साथ ही यात्रियों को जगह–जगह रोका जा रहा है। लेकिन पांच से 10 मई तक केदारनाथ के लिए सबसे अधिक 1.25 लाख यात्रियों ने पंजीकरण कराया है, जबकि बदरीनाथ में 99363, गंगोत्री में 57458, यमुनोत्री में 46973 यात्री पंजीकरण कर चुके हैं।

# केदारनाथ में लगा हुआ है भक्तों का तांता,ध्यान गुफा में फुल हो चुकी है बुकिंग

### सरकार ने तीन आईएएस अधिकारियों को सौंपी है चारधाम यात्रा की जिम्मेदारी

देहरादून( उद संवाददाता)। राज्य सरकार ने प्रदेश में चल रही चारधाम यात्रा का सुचारु रूप से संचालन हो सके इसके लिए सरकार ने तीन आईएएस अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके लिए संयुक्त सचिव श्याम सिंह ने आदेश जारी कर दिए है। चारधाम यात्रा में देश–विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों को होने वाली कठिनाईयों के समाधान के लिए तीन आईएएस अधिकारियो को नोडल अधिकारी नियुक्त कर आदेश जारी किए हैं। केदारनाथ धाम में बीवीआरसी पुरुषोत्तमम, बद्रीनाथ धाम में रंजीत सिन्हा और गंगोत्री– यमुनोत्री धाम में डॉ सुरेंद्र नारायण पाण्डेय को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस संबंध में संयुक्त सचिव श्याम सिंह ने आदेश जारी किए हैं। केदारनाथ धाम में बाबा के केदार के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। धाम में पहले से मौजूद श्रद्धालुओं को टोकन व्यवस्था के जरिए दर्शन कराए जा रहे हैं। केदारनाथ में रात 11 से सुबह पांच बजे तक भक्तों की बुकिंग की गई पूजाएं हो रही हैं। कपाट खुलने के बाद अभी भीड़ के चलते सिर्फ षोडषोपचार अभिषेक पूजा हो रही है। साथ ही सुबह पांच बजे से धर्म दर्शन शुरू हो रहे हैं जो अपराह्न तीन बजे तक हो रहे हैं। इसके बाद शाम पांच बजे से सांयकालीन आरती तक श्रृंगार दर्शन कराए जा रहे हैं। वहीं केदारनाथ मंदिर के पीछे विशालकाय दिव्य शिला के दर्शनों के लिए सैकड़ों भक्त पहुंच रहे हैं। आपदा में इसी दिव्य शिला ने मंदाकिनी नदी के सैलाब से मंदिर की सुरक्षा की थी। यह दिव्य शिला लगभग छह फीट ऊंची और 10 फीट से अधिक लंबी है। केदारनाथ के तीर्थपुरोहित श्रीनिवास पोस्ती बताते हैं कि यह विशालकाय शिला नदी के सैलाब के साथ बहकर कहां से आई इसका जवाब आज तक कोई नहीं खोज पाया है। आपदा के बाद 11 सितंबर को पुनः मंदिर के कपाट खोलकर पूजा–अर्चना शुरू की गई और इस शिला को दिव्य शिला नाम दिया गया। केदारनाथ स्थित ध्यान गुफा में इस यात्राकाल में पहले साधक के रूप में देहरादून के यमन त्यागी पहुंचे हैं। रविवार दोपहर को वे 12.30 बजे गुफा में पहुंचे। यमन 2016 से प्रतिवर्ष केदारनाथ दर्शन को आ रहे हैं। 25 अप्रैल से शुरू हुई केदारनाथ यात्रा में ध्यान गुफा के लिए तीन यात्री पहले भी बुकिंग कर चुके हैं जीएमवीएन के क्षेत्रीय प्रबंधक सुदर्शन सिंह खत्री का कहना है कि इस वर्ष भी जून तक ध्यान गुफा की बुकिंग फुल है।केदारनाथ स्थित ध्यान गुफा में जीएमवीएन ने सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं, बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2019 में ध्यान गुफा में 17 घंटे तक साधना की थी। वह 18 मई को केदारनाथ पहुंचे थे, तब अपराह्न बाद लगभग तीन बजे वह ध्यान गुफा गए और 19 मई को सुबह लगभग आठ बजे वापस मंदिर में पहुंचे थे।



# घटिया काम करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने कार्यालय कक्ष में जनपद के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा संबंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के साथ की। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जायें। घटिया काम करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से कार्यदायी संस्था जिला पंचायत द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी प्रकट की तथा निर्माण कार्य पूरा होने की अवधि का उल्लेख करते हुए निर्माण कार्यों का ब्यौरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों से कहा कि उनके द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों का क्रॉस वेरिफिकेशन भी कराया जाएगा। मुख्य शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार जुकरिया ने बताया कि जनपद के विभिन्न विद्यालयों में राज्य सेक्टर, केंद्र पोषित, समग्र शिक्षा, आपदा प्रबंधन एवं जिला योजना के अंतर्गत छोटे–बड़े निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग, जिला पंचायत, ब्लॉकों, सिंचाई विभाग आदि के द्वारा किये जा रहे हैं। जिनकी समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा क्रमवार की गई। बैठक में जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हवालदार प्रसाद, जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक एसपी सेमवाल, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग विनीत कुरील, जिला पंचायत राज अधिकारी हरीश आर्य आदि उपस्थित थे।



# हल्द्वानी रेलवे स्टेशन और लालकुआं क्षेत्र में भू कटाव को रोकने के निकालें स्थायी समाधान : अजय भट्ट

हल्द्वानी। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट द्वारा हल्द्वानी रेलवे स्टेशन और लालकुआं क्षेत्र में गौला नदी से हो रहे भू कटाव पर तत्काल स्थाई समाधान के लिए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री भारत सरकार श्री नित्यानंद राय को पत्र लिखा था जिस पर केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय द्वारा मुख्य सचिव उत्तराखंड को तत्काल मामले में उचित कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। केंद्रीय मंत्री श्री अजय भट्ट ने बताया कि बरसात के समय लगातार गोला नदी से हल्द्वानी रेलवे स्टेशन के किनारे हो रहे भू कटाव और लाल कुआं क्षेत्र में लगातार गौला नदी से हो रहे भू कटाव के चलते उनके द्वारा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय जी को पत्र लिखकर तत्काल भू कटाव रोकने के लिए स्थाई समाधान किए जाने का अनुरोध किया था जिस पर केंद्रीय मंत्री श्री नित्यानंद राय द्वारा पत्र भेजकर अवगत कराया गया है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन नीति के अनुसार आपदा प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की है लिहाजा मंत्रालय द्वारा उत्तराखंड के मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि संबंधित भू कटाव के मामले में तत्काल कार्रवाई अमल में लाई जाए। जिसके पश्चात अपर सचिव डॉ आनंद श्रीवास्तव ने प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष सिंचाई विभाग को राज्य आपदा न्यूनीकरण मध के अंतर्गत प्रभावित इलाके का परीक्षण करते हुए उक्त कार्यों का परिपक्व आगणन तैयार कर शीघ्र शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय मंत्री श्री अजय भट्ट ने बताया कि उनके पत्र के बाद अब हल्द्वानी रेलवे स्टेशन और लालकुआं क्षेत्र में कृषि योग्य उपजाऊ भूमि को भू कटाव से बचाने के लिए जल्द सरकार स्थाई समाधान की कार्यवाही को अमलीजामा पहनाएगी। जिससे कि बरसात के मौसम में गौला नदी के उफान पर आने पर इन क्षेत्रों को भू कटाव से बचाया जा सके।



# भाजपा कार्यकर्ता से अभद्रता पर फूटा गुस्सा





## किच्छा में कोतवाली पहुंचकर भाजपा नेताओं ने किया घेराव सीओ कोतवाल सहित अन्य कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग

किच्छा(उद संवाददाता)। भाजपा के कार्यकर्ता और प्रधान से अभद्रता से नाराज दर्जनों कार्यकर्ता ने कोतवाली पुलिस का घेराव करते हुए नारेबाजी की तथा दोषी अधिकारी एवं पुलिस कर्मचारियों को हटाए जाने की मांग की। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि भाजपा सरकार में जिस प्रकार पुलिस प्रशासन आपा खो पार्टी पदाधिकारियों से अभद्रता कर रही है यह निंदनीय है। मामले की जानकारी मिलते ही भाजपा जिला जिलाध्यक्ष कमल जिंदल सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओ से वार्ता कर काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस कर्मचारियों के स्थानांतरण पर मामले का पटाक्षेप कर दिया। जानकारी के अनुसार भाजपा बूथ अध्यक्ष चरणजीत सिंह का विगत दिनों ग्राम के किसी व्यक्ति के साथ झगड़ा हो गया था जिसके उपरांत कार्यवाही की मांग को लेकर ग्राम प्रधान दीपक मिश्रा सहित दर्जनों पदाधिकारी कोतवाली पहुंचे थे जहां कार्यवाही की मांग को लेकर उपजे विवाद में पुलिस अधिकारियों द्वारा दीपक मिश्रा के साथ अभद्रता कर दी गई। सूचना पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित दर्जनों पदाधिकारी पुलिस प्रशासन के रवैये को लेकर धरने पर बैठ गए। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि दीपक मिश्रा द्वारा एकपक्षीय कार्यवाही को लेकर नाराजगी जताने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी ओम प्रकाश शर्मा अपना आपा खो गए तथा कार्यकर्ताओं से गाली गलौज करते हुए हाथापाई शुरू कर दी। इधर मामले की जानकारी मिलने पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल सहित दर्जनों वरिष्ठ पदाधिकारी कोतवाली पहुंच गए जहां पदाधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर आरोपित पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाही की मांग की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल के प्रदर्शन में पहुंचने के बाद कोतवाली में भाजपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगने लगा वहीं दूसरी ओर मामले को निपटाने को भाजपा पदाधिकारियों का गुटो में बटना भी चर्चा का विषय बन गया। इस मौके पर लवी सहगल, बिपिन जलहोत्रा, अक्षय अरोरा, नितीन चरण मैसी, मुकेश कोली, विवेक राय,



गोल्डी गोराया, राजेश तिवारी,री, रहीस बरकाती, सरन संधू, दीपक मिश्रा, महेंद्र पाल, शोभित शर्मा, नितेश बाला, ओम तनेजा, विशाल गुप्ता, राम अवतार अग्रवाल, मूलचंद्र राठौर, कुलदीप बग्गा, दिव्यांशु लूथरा, मोनू मान आदि थे।

## एसपी क्राईम ने दिया जांच का आश्वासन

किच्छा। प्रधान दीपक मिश्रा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम दिए गए ज्ञापन में पुलिस क्षेत्राधिकारी ओम प्रकाश शर्मा, एस ओ दिनेश भट्ट, कां पूरन सिंह, उमेश बिष्ट व देव राज के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक क्राइम चन्द्र शेखर घोड़के ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। संपूर्ण प्रकरण मे जांच अधिकारी का कहना है जिस प्रकरण को लेकर भाजपा कार्य कर्ता कोतवाली मे आए थे उसमे कुछ धाराएं अतिरिक्त लगाने की मांग कर रहे थे मेडिकल रिपोर्ट आई ही नहीं थी।धरना प्रदर्शन में कुछ लोग बार बार पुलिस पर कांग्रेस के दबाव मे होने की तोहमत भी लगा रहे थे।

### भाजपाईयों का धरना बना चर्चा का विषय

किच्छा।भाजपा कार्य कर्ताओं द्वारा पुलिस के खिलाफ खोले गए मोर्चे को लेकर भी चर्चा का बाजार गर्म रहा। लोंगो का कहना था कि जब विधायक तिलक राज बेहड़ पुलिस को कठघरे में खड़ा कर रहे थे तब भाजपा के ही लोग पुलिस की वाहवाही कर रहे थे आखिर ऐसा क्या हुआ कि सत्ता दल के कार्य कर्ताओं को धरना प्रदर्शन करना पड़ा।बहरहाल अब मामले की जांच के बाद ही कुछ स्पस्ट होगा।

## पंतनगर हवाई अड्डे की सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर डीएम ने दिये निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त की अध्यक्षता में बुद्धवार को एयरोड्रोम कमेटी की बैठक पन्तनगर एयरपोर्ट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि हवाई अड्डे की सुरक्षा हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जायें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि एयरपोर्ट क्षेत्र को जंगली जानवरों से सुरक्षा हेतु एयरपोर्ट की चाहरदीवारी के अन्तर्गत झाड़ियों का कटान किया जाये तथा कटान कार्य में वन विभाग का भी सहयोग लिया जाये। उन्होंने एयरपोर्ट क्षेत्रान्तर्गत किसी भी दशा में बांस के पौधे न लगाने, एयरपोर्ट क्षेत्र के पास पड़े कूड़े का निस्तारण कराने के निर्देश पन्तनगर विश्व विविद्यालय के अधिकारियों को दिये ताकि जंगली जानवर बांस की चाहत में एयरपोर्ट क्षेत्र की ओर रूख न कर सकें। समिति ने स्पष्ट कहा कि पन्तनगर यूनिवर्सिटी अपनी भूमि की सुरक्षा करें और किसी भी दशा में अपनी भूमि पर अतिक्रमण न होने दे तथा अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाये। आसमान में वायुयान को बड्र्स से नुकसान की संभावना अधिक रहने के कारण एयरपोर्ट क्षेत्र के आस-पास ऐंसी कोई भी गतिविधि संचालित न की जाये जिससे के बड्र्स (परिन्दे) एयरपोर्ट क्षेत्र की ओर आकर्षित हों। अवैध रूप से एवं खुले क्षेत्र में संचालित मीट की दुकानों को तुरन्त बन्द कराने के निर्देश पुलिस विभाग को दिये गये। एयरपोर्ट क्षेत्र में अधिक ऊंचाई वाले वृक्षों की लोपिंग कराने के निर्देश वन विभाग को दिये गये। बैठक में एसएसपी मन्जूनाथ टीसी, डीएफओ वैभव सिंह,एयरपोर्ट निदेशक सुमित सक्सेना, एसपी चन्द्रशेखर घोड़के, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह,टर्मिनल मैनेजर विश्वनाथ वर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।



## किशोरी बनी मां, दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यहां सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में दर्द से कराहती अपनी बेटी का इलाज कराने आए परिजनों के उस वक्त होश उड़ गए जब उनको पता चला कि उनकी मासूम बच्ची के पेट में 9 माह का गर्भ है। पीडिता को सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसने एक बच्ची को जन्म दिया। प्रसूति विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. गीता जैन ने बताया कि नॉमर्ल डिलीवरी हुई है और जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। बच्चे को एनआईसीयू में रखा गया है। डॉक्टरों की देखरेख में नाबालिग और नवजात बच्ची स्वस्थ बताई जा रही है। परिजनों द्वारा की गई पूछताछ में सामने आया कि पड़ोस में रहने वाले एक बच्चे के बाप ने 13 साल की बच्ची से दुष्कर्म किया। इससे बच्ची गर्भवती हो गई। मामला तब खुला जब उसके पेट में दर्द हुआ। पीड़िता को अस्पताल ले जाया गया। जहां उसने एक बच्ची को जन्म दिया।मामला खुलने के बाद पीड़िता के परिजनों ने आरोपी को दबोच लिया और जमकर पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से भाग रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। बताया जाता है मूल रूप से ग्राम बैरमनगर, थाना भोट, रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी तजम्मुल पुत्र नन्नू बनभूलपुरा में किराए के घर में पत्नी व दो साल के बेटे के साथ रहता है। पेशे से मजदूर तजम्मुल के पड़ोस में और परिवार रहता है। जिसमें 13 साल की बच्ची भी है। दोनों का एक-दूसरे के घर में आना-जाना था। पुलिस से मिली जानकारी मुताबिक करीब 9 माह पहले तजम्मुल की पत्नी अपने बेटे के साथ मायके गई थी और तजम्मुल घर पर अकेला था। आरोपी ने बहाने से 13 साल की बच्ची को अपने घर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने यह बात किसी को बताने पर जान की धमकी भी दी। सहमी पीड़िता ने इस बात का जिक्र किसी से नहीं किया। बीते दिनों पीड़िता के पेट में दर्द हुई तो परिजन उसे चिकित्सक के पास ले गए। जहां उन्हें पता लगा कि बालिका 9 माह की गर्भवती है। पूछताछ करने पर पीड़िता ने सारी बात अपने परिजनों को बता दी। आग बबूला परिजन तजम्मुल के घर पहुंचे और उसे बुरी तरह पीट दिया। इसी बीच बनभूलपुरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देख आरोपी भाग खड़ा हुआ, जिसे पुलिस ने रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## नवनियुक्त जिला न्यायधीश शंकर राज को किया सम्मानित

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जनपद के नवनियुक्त जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शंकर राज को सम्मानित करने के लिए न्यायिक अधिकारियों एवं जिला अधिवक्ता संस्था, पिथौरागढ़ के सदस्यों द्वारा



स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश द्वारा गत एक मई को जनपद में कार्यभार ग्रहण किया है। इससे पूर्व वे लक्सर, हरिद्वार में अपर जिला न्यायाधीश के पद पर कार्यरत थे। स्वागत समारोह के दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती विभा यादव, सीनियर सिविल जज श्रीमती आरती सरोहा, सिविल जज सुश्री पूनम टोडी, जिला अधिवक्ता संस्था के अध्यक्ष मोहन चन्द्र भट्ट सहित जनपद में कार्यरत अधिवक्तागण एवं न्यायालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

## बाईक पर स्मैक तस्करी करता गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान बाईक सवार एक नशा तस्कर को स्मैक की तस्करी करते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उनि संजीत राठौड़ प्रभारी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा के नेतृत्व में कानि. दिलशाद अहमद, भूपेन्द्र ज्येष्ठा व अमनदीप सिंह क्षेत्र में शांति व्यवस्था, कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम करने हेतु गश्त कर रहे थे। इसी दौरान नई बस्ती निकट गोपाल मन्दिर के पास मेरिज हाल वाली गली के कट पर बाईक सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस कर्मियों ने



उसे रोककर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता मौ. मिक्की वारसी पुत्र मो. हनीफ निवासी नई बस्ती बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल 16.8 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने स्मैक कब्जे में लेकर बाईक सीज कर दी तथा नशा तस्कर मिक्की के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

## प्रेमचंद्र अग्रवाल का फूंका पुतला

हल्द्वानी ( उद संवाददाता)। प्रदेश के वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा एक नागरिक के साथ मारपीट किए जाने की कड़ी निंदा करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुद्ध पार्क, तिकोनिया में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का पुतला दहन कर रोष व्यक्त किया।महानगर अध्यक्ष गोविन्द बिष्ट ने कहा कि सरकार के मंत्री पद हुए मंत्री का यह आचरण उसकी जिम्मेदारी और जबाबदेही पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। उन्होंने कहा नैतिक कर्तव्यों का निर्वहन करने की बजाय अनैतिक और अमर्यादित



आचरण कर मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल उसी जनता का मान-मर्दन कर रहे है जिसकी कृपा से वह माननीय बने है। ऐसे मंत्री को नैतिकता के आधार पर त्याग पत्र दे देना चाहिए था। क्योंकि वे इस पद पर बने रहने का हक खो चुके है। पुतला दहन करने वालों में ब्लाक अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, हेम पाण्डे, जाकिर हुसैन, पूर्व दर्जा मंत्री ललित जोशी, राजेन्द्र बिष्ट, सुहैल सिद्दीकी, गजेन्द्र गोनिया, विजय चंद्र, महेशानन्द, नेत्रबल्लभ, बबलू बिष्ट, जीवन बिष्ट, योगेश कबड़वाल, हर्षित जोशी, नितिन भट्ट, विक्की छिमवाल, हेमन्त कुमार, दिलशाद , विष्णु, हरीश रावत, गणेश टम्टा आदि लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना को मिली स्वीकृति

## मंत्रिमंडल की बैठक में 17 बिंदुओं पर लिए गए अहम निर्णय

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्य मंत्रिमंडल ने बुधवार को विदेश में रोजगार के इच्छुक युवाओं का सपना साकार करने के लिए मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना को स्वीकृति दी। इसके अंतर्गत नर्सिंग और



हास्पिटेलिटी के क्षेत्र में लगभग 10 हजार युवाओं के हुनर को निखारकर उन्हें जापान और जर्मनी में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। चयनित अभ्यर्थियों के टिकट, वीजा और प्रशिक्षण में सरकार सहायता करेगी। उधर, मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेश में भूमि की खरीद-फरोख्त पर सख्ती बरतने और आपराधिक पृष्ठभूमि वालों को भूमि खरीदने से रोकने के लिए अति शीघ्र अध्यादेश लाने पर मंत्रिमंडल ने सहमति दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 17 बिंदुओं पर निर्णय लिए गए। मुख्य सचिव डा एसएस संधु ने इन निर्णयों को ब्रीफ किया। उन्होंने बताया कि विदेश में रोजगार के इच्छुक युवाओं से संबंधित डाटाबेस तैयार करने के लिए अपणि सरकार पोर्टल पर एप्लीकेशन विकसित की जा चुकी है। इस क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं से एक्सप्रेशन आफ इंटरेस्ट के माध्यम से प्रस्ताव अमंत्रित किए जा रहे हैं। कई संस्थाओं के प्रस्ताव सरकार को प्राप्त हो चुके हैं। मुख्य सचिव ने बताया कि प्रशिक्षण पर होने वाले खर्च का 20 प्रतिशत सरकार उठाएगी। ऋण लेने पर देय ब्याज का 75 प्रतिशत सरकार वहन करेगी। प्रशिक्षण से लेकर वीजा आदि पर लगभग 1.70 लाख तक खर्च आएगा। प्रशिक्षित अभ्यर्थियों में 85 प्रतिशत को अनिवार्य रूप से रोजगार संबंधित कंपनी को देना होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम की फीस का निर्धारण इस प्रकार किया जाएगा कि अभ्यर्थी को सेवायोजित होने से पहले -0 प्रतिशत की धनराशि देनी पड़े। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद शेष राशि भुगतान की जा सकेगी। कंपनियों की चयन केंद्र सरकार की संस्था नेशनल स्किल डेवलपमेंट कंपनी की अधिसूचित कंपनियों में से किया जाएगा। नर्सिंग के क्षेत्र में समस्त नर्सिंग कालेजों के प्रधानाचार्यों के साथ वर्कशाप हो चुकी है। नौ मई को विभिन्न नर्सिंग कालेजों से एएनएम एवं जीएनएम उत्तीर्ण युवाओं को जापान में एल्डरली केयर में रोजगार के अवसरों की जानकारी देने को वर्कशाप रखी गई थी। वर्कशाप में ही इच्छुक युवाओं का स्क्रीनिंग टेस्ट लिया जाएगा। इस प्रशिक्षण के लिए हब सहसपुर में प्रस्तावित है। प्रदेश में भूमि की खरीद फरोख्त में माफिया की संलिप्तता के अंदेशे को देखते हुए मुख्यमंत्री धामी ने अपनी ओर से प्रस्ताव मंत्रिमंडल की बैठक में रखा। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री ने यह प्रस्ताव रखते हुए देवभूमि के शांत वातावरण और कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए यह विषय रखा। बैठक में तय किया गया कि भूमि खरीदने से पहले व्यक्ति की पृष्ठभूमि देखी जाएगी। इस संबंध में अति शीघ्र अध्यादेश लाने पर मंत्रिमंडल ने सहमति दी। **अब तीन रुपये किलो पिरूल खरीदेगी सरकार:** राज्य सरकार अब दो की जगह तीन रुपये प्रति किलो के हिसाब से पिरूल खरीदेगी। धामी मंत्रीमंडल की बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक मेंइसे मंजूरी दी गई है। सरकार जंगलों को आग से बचाने और पिरूल एकत्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिससे ग्रामीणों की आजीविका में बढ़ावा हो सके।अब तक सरकार ग्रामीणों व समूहोंसे दो रुपये प्रति किलो के हिसाब से पिरूल खरीदती है, जिसे अब बढ़ाकर तीन रुपये प्रति किलो कर दिया गया है। वनाग्नि सत्र 2023 में पिरूल का एकत्रीकरण कर व्यापक स्तर पर ब्रिकेट, पैलेट्स और अन्य प्रकार के उत्पाद बनाए जाने प्रस्तावित हैंअभी तक जो व्यवस्था है, उसके तहत वन विभाग की ओर से पिरूल एकत्रित करने के लिए क्षेत्रवासियों, वन पंचायत, स्वयं सहायता समूह एवं युवक मंगल दल आदि को प्रति किलो दो रुपये दिए जाते थे।

## भूमि खरीदने से पहले होगा सत्यापन

देहरादून। उत्तराखंड में आपराधिक व असामाजिक तत्वों के लिए भूमि खरीदना संभव नहीं हो पाएगा। राज्य के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने की सुरक्षा के लिए सरकार भूमि खरीद की प्रक्रिया को और अधिक कड़ा करने जा रही है। राज्य में जो भी जमीन खरीदेगा, सरकार उसकी पृष्ठभूमि की जांच कराएगी। प्रदेश सरकार भूमि संबंधी कानून में इसका प्रावधान करेगी। इसके लिए सरकार अध्यादेश लाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अब जमीन बेरोक-टोक नहीं खरीदी जा सकेगी। बुधवार को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह मसला उठाया। उन्होंने सभी मंत्रियों के सामने राज्य में सरकारी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण का विषय रखा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य की वन और राजस्व भूमि से अवैध कब्जे हटाने का अभियान छेड़ दिया है। सरकारी भूमि पर कब्जा हटाने के साथ ही इस पर सरकार का कब्जा बना रहे, इसके लिए भी रणनीति बनाने को कहा गया है। उन्होंने सरकारी भूमि के संरक्षण के लिए निगरानी तंत्र को सशक्त बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि निगरानी के लिए वर्तमान में उपलब्ध आधुनिकतम संसाधनों का उपयोग करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने राज्य के सांस्कृतिक एवं सामाजिक विशिष्टता को बनाए रखने के लिए भूमि खरीद की प्रक्रिया को और ज्यादा सख्त किए जाने की आवश्यकता व्यक्त की। सूत्रों मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हर किसी को भूमि खरीद की इजाजत नहीं दी जा सकती। सरकारी भूमि अतिक्रमण से बचाने और भूमि खरीद से पहले सत्यापन एवं जांच के लिए अध्यादेश लाने पर सहमति बनीं।

## भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं का तत्काल करें निस्तारण : डीएम

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिला सैनिक कल्याण परिषद की त्रैमासिक बैठक जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पूर्व सैनिकों की विभिन्न समस्याओं को सुना गया। भूतपूर्व सैनिकों द्वारा पुनः मांग की गयी कि जनपद के शिक्षण संस्थानों में जनपद के शहीद सैनिकों व वीरता पदक प्राप्त सैनिकों के फोटो चस्पा किये जायें। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा अधिकारी से इस सम्बन्ध में पूर्व में दिये गये निर्देशों के क्रम में की गयी कार्यवाही की जानकारी ली। जिला शिक्षा अधिकारी हवलदार प्रसाद ने बताया कि जनपद के शिक्षण संस्थानों में जनपद के शहीद सैनिकों एवं वीरता पदक प्राप्त सैनिकों के फोटो चस्पा किए गए हैं। पूर्व सैनिकों ने आगामी 25 वें कारगिल दिवस की भव्य तैयारियों को लेकर विशेष कार्य योजना बनाए जाने की बात कही। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीबी पुन को कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। पूर्व सैनिकों द्वारा जनपद के सैनिक बाहुल्य क्षेत्रों में मेडिकल कैंप आयोजन की मांग की गई।




जिस पर जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को मेडिकल कैंप आयोजन के निर्देश दिए। साथ ही निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में मेडिकल कैंप आयोजित किए जायें उन क्षेत्रों के उप जिलाधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों को भी मेडिकल कैंप आयोजन के बाबत सूचना दी जाए ताकि वे मेडिकल कैम्प के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार कर सकें तथा अधिक से अधिक लोग मेडिकल कैंप का लाभ ले सकें। बैठक में मुनस्यारी से पूर्व सैनिक खेम सिंह ने अपनी भूमि तहसील अभिलेखों में किसी और के नाम दर्ज होने की शिकायत। जिस पर डीएम ने खेम सिंह से कहा कि संबंधित उप जिलाधिकारी को रिकॉर्ड संशोधन हेतु प्रार्थना पत्र दिया जाय उनके द्वारा रिकॉर्ड संशोधित कर दिया जायेगा। पूर्व सैनिकों द्वारा सैनिक संगठनों के बड़े आयोजनों हेतु सरकारी भवन उपलब्ध कराए जाने की मांग भी जिलाधिकारी से की गई। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा पूर्व सैनिकों को भवन उपलब्ध कराए जाने के बाबत आश्वासन दिया गया।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पूर्व सैनिकों से कहा गया कि यदि पूर्व सैनिक अपना स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए ट्रेनिंग लेना चाहते हैं तो जिला प्रशासन द्वारा उन्हें ट्रेनिंग दिलवाई जाएगी।बैठक में पूर्व सैनिकों द्वारा वड्ड़ा में शहीद द्वार का निर्माण कार्य शुरू होने पर जिला अधिकारी का धन्यवाद भी प्रकट किया गया। बैठक में जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, ब्रिगेडियर पिथौरागढ़ के प्रतिनिधि कर्नल मानवेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

## सितारगंज चीनी मिल को लीज पर चलाने के लिए किया गया अधिग्रहण

### किसानों के शिष्ट मंडल ने गन्ना मंत्री का जताया आभार

सितारगंज(उद संवाददाता)। सितारगंज की गन्ना किसान चीनी मिल को 30 वर्ष के लिए जेजीएन शुगर एण्ड बायोफ्यूल्स लि. को लीज पर हस्तान्तरित कर दिया गया है। कंपनी ने सम्पत्तियों का अधिग्रहण कर लिया है। नयी कंपनी ने आगामी पेराई सत्र के लिए फैक्ट्री की रिपेयरिंग का कार्य शुरू कर दिया है। कंपनी के प्रबंधक अमर शर्मा ने बताया कि सितारगंज चीनी मिल को अपने अधीन ले लिया है। उन्होंने बताया कि मिल में पेराई की क्षमता को 25 हजार कुंतल रोजाना से बढ़ाकर 32500 कुंतल रोजाना किये जाने के लिए मशीनों को अपग्रेड किया जा रहा है। आगामी सत्र में पेराई के दौरान कोई दिक्कत न हो इसके लिए मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। जीएम ने बताया कि कंपनी परिसर में रोजाना 50 हजार कुंतल पेराई की क्षमता का एक और प्लांट स्थापित करेगी। इसे बढ़ाकर 1.20 लाख कुंतल रोजाना तक किया जायेगा। इस प्लांट को स्थापित होने में करीब डेढ़ वर्ष लगेगा। जीएम ने बताया कि एथेनॉल का प्लांट लगेगा। यहां रोजाना 400 केएल एथनॉल बनेगा जबकि 25 मेगावाट बिजली का प्लांट भी स्थापित किया जा रहा है। किसान सहकारी चीनी मिल ने गन्ना किसानों का गन्ना किसानों का भुगतान कर दिया है। प्रधान प्रबंधक राजीव लोचन शर्मा ने बताया कि 18 नवम्बर को चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू हुआ तो तीन अप्रैल तक चला। 25 मार्च तक खरीदे गये गन्ना मूल्य का भुगतान पहले किया जा चुका है। अब तीन अप्रैल तक का पूरा भुगतान कर दिया है। पूरे पेराई सत्र में 26.08 लाख कुंटल गन्ने की पेराई की गयी। 247717 कुंतल चीनी बनी। उन्होंने बताया कि गन्ना किसानों को 90.67 करोड़ का भुगतान किया गया। मिल प्रबंधक के पास करीब दो हजार कुंतल चीनी बताई गयी है। जबकि शेष तैयार चीनी की बिक्री हो गयी है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश अध्यक्ष करम सिंह पड्डा के नेतृत्व में किसानों ने सौरभ बहुगुणा को गन्ना मिलों के बेहतर संचालन के लिए आभार जताया। इस



दौरान किसानों ने राज्य की चीनी मिलों का बाकी भुगतान भी जल्द करने की मांग की। यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष गुरसाहब सिंह ने बताया कि कैबिनेट मंत्री ने इस माह बकाया भुगतान करने के लिए आश्वस्त किया है। उन्होंने सितारगंज चीनी मिल का पूरा गन्ना भुगतान के लिए कैबिनेट मंत्री को धन्यवाद दिया।

## भद्रतुंगा में भव्य कलश यात्रा के साथ अर्ध महाकुम्भ का उदघाटन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। देवभमि उत्तराखण्ड के पिंडारी ग्लेशियर रेंज स्थित पतित पावनी सरयू नदी के उदगम स्थल के समीप भद्रतुंगा में लघु अर्द्धकुंभ श्री राम महायज्ञ का संमृद्धि की कामना की। बालिका इंटर कॉलेज सूपी की छात्राओं ने वंदना एवं स्वागत गीत के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।भद्रतुंगा में बुधवार को श्रद्धालुओं,महिलाओं द्वारा सरयू नदी में अवतरित होकर सरयू झूनी गांव के समीप पहाड़ी से सैकडों जलधाराओं के रूप में प्रकट होती है, इस स्थान को सरमूल के नाम से जाना जाता है। भद्रतुंगा में प्रथम बार स्वामी अभिराम दास कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। सरयू माता के मंदिर व घाट भव्य बनाए जाएंगे।जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि भद्रतुंगा में जो नया तीर्थाटन बनाने का प्रयास किया जा रहा है, वह जो ऊर्जा मिलती है वह अतुलनीय है,यहां के विकास के लिए जिला प्रशासन द्वारा कोई भी कमी नही की जाएगी,इससे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा वहीं स्वरोजगार को भी बढावा के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन दयाल सिंह कुमल्टा ने किया। लघु कुंभ में प्रतिदिन हवन, कथावाचन, भंडारा आदि आयोजित होगा। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत







कलशयात्रा के साथ शुभारंभ हो गया है। जिपंअध्यक्ष बसंती देव, विधायक सुरेश गड़िया, डीएम अनुराधा पाल व समिति अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भोर्याल ने रीबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मां सरयू की प्रतिमा पर दीया जलाकर सुख से जल भरकर आश्रम स्थित राम मंदिर होते हुए मंदिर व यज्ञ मंडप तक भव्य कलश यात्रा निकाली। लघु कुंभ संरक्षक व विधायक गड़िया ने श्रीराम यज्ञ में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरयू देश की पवित्र नदियों में एक है। कैलाश मानसरोवर से गुप्त रूप त्यागी के प्रयत्न व सरमूल सौधारा, भद्रतुंगा विकास एवं सरयू संरक्षण समिति के प्रयासों से कूर्माचल लघु कुंभ श्री राम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जो क्षेत्र की जनता के साथ ही प्रदेश व देश के लिए शुभ फलदायक होगा। कपकोट क्षेत्र के विकास में कोई सराहनीय है। यहां की भूमि महाऋषियों की तपोस्थली रही है, पहली बार विश्व पटल पर सरयू नदी के उदगम स्थल को विश्व पटल पर पहचान दिलाने और इसे पवित्र धाम बनाने के लिए हो रहे प्रयास को सराहनीय बताया, यहां वास्तव में शांति और मानसिक रूप से मिलेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष बंसती देव, कपकोट ब्लॉक प्रमुख व समिति सचिव गोविंद सिंह दानू ने सरयू व सरमूल के बारे में विस्तृत जानकारियां दी। उन्होंने महामंडलेश्वर स्वामी अभिराम दास त्यागी व देवानंद महाराज का लघु कुंभ श्रीराम महायज्ञ आयोजन सदस्य हरीश ऐठानी, प्रभा देवी, प्रभात दानू, सुरेश काण्डपाल,दयाल कुमल्ता, जगमोहन ऐठानी, विजय लोबियाल, महेश खेतवाल, मनोहर राम, भगवत सिंह कोरंगा, लक्ष्मण देव, हरीश सोनी, उपजिलाधिकारी मोनिका, पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ ने किया विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण

## कई कर्मचारी मिले अनुपस्थित, व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के दिये दिशा निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों में अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होने कृषि विभाग में मुख्य कृषि अधिकारी के कार्यालय निरीक्षण के दौरान कार्यालय की उपस्थिति पंजिका के अनुसार मौ० यासीन वर्ग-1, यशपाल राणा, वर्ग-1, मुकेश मुँगली वरिष्ठ सहायक विजय सिंह कनिष्ठ सहायक, धन सिंह वाहन चालक एवं श्रीमती प्रीती राठौर चतुर्थ श्रेणी को अनुपस्थित पाया। उन्होने जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय निरीक्षण के दौरान कार्यालय की उपस्थिति पंजिका के अनुसार रत्नेश कुमार वरिष्ठ लिपिक, निर्मल कुमार वरिष्ठ लिपिक, रूपांचल सक्सेना कनिष्ठ सहायक, धर्मपाल कनिष्ठ सहायक, नईम बेग अनुसेवक श्रीमती हेमा जोशी अनुसेवक, सचिन सक्सेना कम्प्यूटर आपरेटर, राजेश कुमार कम्प्यूटर ऑपरेटर को अनुपस्थित पाया। उन्होने जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय में विभिन्न योजनान्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्र एवं अन्य विभागीय अभिलेख अत्यधिक अव्यस्थित ढंग से कार्यालय में रखे देख तथा कार्यालय में रक्षित अभिलेखों के बण्डल में अभिलेखों से सम्बन्धित कोई अंकना ना देखे जाने पर नियमानुसार कार्यालय में विभिन्न आवेदन पत्र अथवा अन्य अभिलेखों को सुव्यस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिये। ताकि भविष्य में किसी सन्दर्भ हेतु आवश्यकता पड़ने पर उन्हें सुगमतापूर्वक व अल्प समय पर खोजा जा सके। उन्होने सहकारिता विभाग में जिला सहायक निबन्धक सहकारी समिति कार्यालय निरीक्षण के दौरान कार्यालय की उपस्थिति पंजिका के अनुसार हरीश चन्द्र सती जिला सहायक निबन्धक, हेमराज सिंह चौहान अपर जिला सहायक निबन्धक, श्रीमती रूचि शुक्ला अपर सहायक विकास अधिकारी व विकास चन्द्र रावत कनिष्ठ सहायक को अनुपस्थित पाया। उक्त कार्यालय की उपस्थिति पंजिका में अपर जिला सहायक निबन्धक प्रेमप्रकाश, केशव प्रसाद व सर्वेश कुमार को भ्रमण में होना अंकित किया गया है। उन्होने जिला सहायक निबन्धक सहकारी समिति के कार्यालय निरीक्षण के दौरान कार्यालय में सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त अनुरोध पत्रों एवं अनुरोध पत्रों पर की गयी कार्यवाही से सम्बन्धित पंजिका का अवलोकन करने पर पाया कि उक्त पंजिका में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कार्यालय 04 अनुरोध पत्र प्राप्त हुए परन्तु प्राप्त अनुरोध पत्रों पर कार्यालय स्तर पर की गयी कार्यवाही से सम्बन्धित विवरण सम्बन्धित पंजिका में अंकन ना होने पर ससमय पर कार्य किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने निरीक्षण के दौरान उपरोक्त कार्यालयों के अतिरिक्त जिला पंचायतराज अधिकारी, मुख्य उद्यान अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी व अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण निर्माण विभाग प्रखण्ड के कार्यालयों में अभिलेखों फर्नीचर एवं उपकरणों को अव्यवस्थित पाये जाने पर कड़े निर्देश देते हुए सुव्यवस्थित करने को कहा। उन्होने उपरोक्त वर्णित अनुपस्थित कर्मचारियों के सम्बन्ध में निर्देश देते हुए कहा कि सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष अपने स्तर से सम्बन्धित कर्मचारी का स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए स्पष्टीकरण के आधार पर नियमानुसार वेतन आहरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कर्मचारियों के भ्रमण पर होने पर उन कर्मचारियों का भ्रमण के दौरान किये गये कार्यों का पूर्ण विवरण अभिलेखीय साक्ष्य एवं फोटोग्राफ सहित कार्यालय को प्रस्तुत कराने के उपरान्त ही उनका वेतन आहरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होने उपरोक्त के अतिरिक्त विकास भवन स्थित समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने कार्यालय में उपयोग में लायी जा रही अल्मारियों में कमश: 01 से आरोही क्रम में स्पष्ट एवं दूर से दृष्टि गोचर व पठनीय क्रमांक अंकित कर अल्मारियों के मुख्य भाग में किसी भी प्रकार का स्टीकर आदि न चस्पा किये जाय व अल्मारी के अन्दर रखे गये अभिलेखों का सूक्ष्म विवरण अल्मारी के मुख्य भाग में चस्पा कर अल्मारी के सैल्फों में रखे गये अभिलेखों का सूक्ष्म विवरण अल्मारी के सैल्फों में अंकित करें, कार्यालय में रक्षित ऐसे उपकरण यथा फोन, फैक्स, कम्प्यूटर, प्रिन्टर व फोटो स्टेट मशीन आदि जोकि वर्तमान में क्रियाशील न हो उनको क्रियाशील कराकर उपयोग में लायें, समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का परिचय पत्र कार्यालय समय में सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी के पास उपलब्ध रहे। उन्होने कार्यालय के प्रत्येक कर्मचारियों द्वारा सम्पादित किये जा रहे कार्यों का संकलित विवरण कार्यालयाध्यक्ष अथवा कार्यालय के वरिष्ठतम् कर्मचारी के पास अनिवार्यत: उपलब्ध रहने के निर्देश दिये।उन्होने निरीक्षण के दौरान किसी भी पटल में अनावश्यक रूप से कोई पेनडेन्सी पायी जाने पर इसे अत्यधिक गम्भीरता से लेते हुए प्रतिकूल संज्ञान लिये जाने तथा सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष एव कर्मचारी के विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही प्रचलित होने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष एवं कर्मचारी की होगी। उन्होने प्रत्येक कार्यालय में सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 एवं मा० न्यायालयों में विचाराधीन, लम्बित प्रकरणों से सम्बन्धित पंजिकाएँ अध्यावधिक रक्षित रखने व निकट भविष्य में अधोहस्ताक्षरी के निरीक्षण के दौरान उपरोक्त समस्त वांछित व्यवस्थायें प्रत्येक कार्यालय में आवश्यक रूप से पाये जाने के निर्देश दिये।







## तमंचा कारतूस के साथ गो तस्कर दबोचा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना पुलभट्टा पुलिस ने चौकिंग के दौरान अवैध असलाह के साथ गोतस्कर को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक 12 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद किए। पुलिस ने उसके विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष पुलभट्टा कमलेश भट्ट के निर्देश पर एसआई पवन जोशी, हेड कांस्टेबल धरमवीर सिंह, कांस्टेबल ललति चौधरी, महेन्द्र सिह



बिष्ट मंगलवार शाम को संदिग्धों की छानबीन को चौकिंग कर रहे थे। इसी दौरान यूपी के बरेली जनपद से आकर कारोबार करने वाले के पास अवैध असलाह लेकर घूमने की सूचना मिली। इस पर पुलिस ने मौलाना आजाद स्कूल के आगे स्थित हाट बाजार के पास घेराबंदी कर संदिग्ध को दबोच लिया। थानाध्यक्ष के मुताबिक उसकी तलाशी में एक 12 बोर का तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए। पकड़े गए शातिर ने अपना नाम शकील अहमद कुरैशी पुत्र अखलाख अहमद निवासी ग्राम गिरधरपुर थाना देवरनिया जनपद बरेली हाल निवासी वार्ड नंबर 18 सिरोलीकला थाना पुलभट्टा बताया। पूछताछ में शकील ने बताया वह गोकशी का काम करता है। जिसके चलते अपनी सुरक्षा के लिए वह बरेली से तमंचा लेकर आया था।

## राज्यपाल ने किया डाकपत्थर स्थित आसन बैराज का भ्रमण

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को डाकपत्थर स्थित आसन बैराज का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने आसन बैराज स्थित झील के प्राकृतिक सौंदर्य को देखकर कहा की इस स्थान पर पर्यटन की असीमित संभावनाएं हैं, इसे और विकसित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि इस तरह के नैसर्गिक सौंदर्य वाले स्थानों पर सुविधाओं को बढ़ाने के साथ-साथ प्रचार-प्रसार करने की जरूरत है, जिससे अधिकाधिक पर्यटक यहां आएं। इस दौरान



उन्होंने आसन बैराज स्थित बनी हट्स को भी देखा और जीएमवीएन के अधिकारियों से कहा कि सभी हट्स बेहद खूबसूरत बनी हैं, इनके बारे में भी लोगों को बताने की जरूरत है। उन्होंने अधिकारियों से कई अन्य जानकारियां भी ली। इससे पूर्व डाकपत्थर स्थित यूजेवीएनएल के अतिथि गृह में विधायक विकासनगर मुन्ना सिंह चौहान ने राज्यपाल का स्वागत किया।

## चोरी के माल सहित एक गिरफ्तार

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पुलिस ने सड़क किनारे से लोहे की जाली चोरी करने वाले चोर को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया। अल्मोड़ा निवासी नवीन वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि तहरीर दी कि एक अज्ञात व्यक्ति नंदा देवी सड़क किनारे बनी नाली में लगी नगरपालिका की लोहे की जाली को लगातार चोरी कर रहा है। जिस पर कोतवाली अल्मोड़ा में अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। एसएसपी श्रीमती रचिता जुयाल ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए सीओ अल्मोड़ा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा को चोरी का शीघ्र अनावरण करने व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया। जिसके बाद एसएसआई सतीश चन्द्र कापड़ी के नेतृत्व में टीम गठित कर अज्ञात चोर की खोजबीन शुरु की गई। पुलिस



टीम ने छाबनीन करते हुए घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों का गहन अवलोकन किया। जिसमें एक व्यक्ति सड़क किनारे नाली में लगी जाली को चोरी करते हुए दिखाई दिया।जानकारी जुटाकर सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहे चोरी के अभियुक्त अमर बहादुर रावत पुत्र गोरे बहादुर रावत निवासी डोगरी अंचल शेती जिला वाजुरा नेपाल को किराये के कमरे नंदा देवी के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त द्वारा चोरी की गई 4 लोहे की जाली बरामद की गई। पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक सतीश चंद कापडी, कानि0 केशव भौत, कानि0 सतीश कुमार आदि शामिल रहे।

# डीएम ने जनता दरबार में सुनी फरियादियों की समस्या

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने बुधवार को जनता दरबार में फरियादियों द्वारा मुख्यतया: पेयजल, सडक, पेंशन, खनन, अतिक्रमण,विद्युत,शस्त्र लाईसेंस आदि की समस्या से सम्बन्धित शिकायतें दर्ज हुई, दर्ज शिकायतों में अधिकांश शिकायतों का जिलाधिकारी द्वारा समस्याओं को मौके पर ही निस्तारण किया एवं श्री गर्ब्याल ने दूरभाष से वार्ता कर एवं मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निधारित समयावधि में समस्याओं का निस्तारित करते हुए सम्बन्धित फरियादी को भी अवगत कराने के भी निर्देश दिए। जनता दरबार में जिलाधिकारी ने सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह को निर्देश दिये कि शहर में जिन सरकारी भूमि पर निर्माण कार्य प्रस्तावित है लेकिन अतिक्रमण की वजह से कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट को सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ तत्काल नोटिस देने के साथ ही कार्यवाही करने निर्देश दिये, ताकि जनहित के कार्यो को सुगमता से संचालित किया जा सके। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी को निर्देश दिये कि आतिश बाजी हेतु फायर की अनुमति जनहित की सुरक्षा के दृष्टिगत शहर से दूर दी जाए। ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनों से बचा जा सके। जिलाधिकारी ने सिटी मजिस्ट्रेट के साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश कि शहर में संचालित हो रहे अवैध क्लीनिक, मेडिकल स्टोर की नियमित समय-समय पर चौकिंग करने के साथ ही अवैध रूप से चल रहे फर्जी क्लीनिक के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए। बुधवार को जनता दरबार में क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि सोबन सिंह चिलवाल निवासी बडौन ने बताया कि ग्राम पंचायत बडौन विकास खण्ड ओखलकांडा में ग्राम प्रधान के द्वारा अनियमितता के साथ ही मनरेगा से एक ही परिवार को लगातार भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने जाचं कराने का



अनुरोध किया। जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को तत्काल जांच कर अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिये। पूर्व मंत्री हरीश चन्द्र दुर्गापाल ने विकास खण्ड रामगढ दोबटिया सतखोल से राजकीय इन्टर कालेज प्यूडा तक लगभग 01 किमी मार्ग विगत वर्ष में बना था लेकिन मार्ग काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने उक्त मार्ग का पुर्न निर्माण एवं किनारे सुरक्षा दीवार का निर्माण कराने का अनुरोध किया, पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोनिवि को आगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। अध्यक्ष दिनेश चन्द्र बुरांश फार्मर प्रोडूसर कम्पनी लिमिटेड कोटाबाग ने बताया कि मण्डी एवं रूरल हाट हेतु विकास खण्ड कोटाबाग के पनलुवा नाले के पास बंजर भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। जिस जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी कालाढूगी को शीघ्र जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जनता दरबार में दिनेश गोस्वामी कालाढूगी ने पशु चिकित्साल कालाढूगी भवन जीर्णशीर्ण भवन की मरम्मत कराने,तुलसी देवी ने स्वयं की भूमि में कब्जा दिलाने,बसंत बिहार छोटी मुखानी के लोगों द्वारा जल संस्थान द्वारा नई पाईप लाईन डाली गई थी लेकिन वर्तमान तक पानी की आपूर्ति नही की गई है, उन्होंने पानी आपूर्ति कराने का अनुरोध किया। ग्राम प्रधान डीकर सिंह ग्राम ककोड ने बेमौसमी बरसात से विकास खण्ड में फसलों से हो रहे नुकसान को देखते हुये किसानों को आर्थिक सहायता दिये जाने का अनुरोध के साथ ही विकास खण्ड ओखलकांडा में ककोड में कानली से हरीशताल की ओर मोटर मार्ग में सीसी एवं दीवार निर्माण कार्य कराने का अनुरोध किया। अधिकांश समस्याओं का जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही समाधान किया गया। जनता दरबार में अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 भागीरथी जोशी, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, उपजिलाधिकारी मनीष कुमार, प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, अधिशासी अभियंता लोनिवि अशोक चौधरी, सिंचाई केएस बिष्ट के साथ ही फरियादी उपस्थित थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# ऑनलाईन धोखाधड़ी

पिछले कुछ सालों के दौरान समूची दुनिया में अमूमन हर क्षेत्र में डिजिटल गतिविधियों को प्रोत्साहित किया गया है। कोई भी व्यक्ति या समाज अपनी सामान्य दिनचर्या में मौजूदा दौर के किसी नई तकनीकी के भी इस्तेमाल को लेकर सहज हो जाता है तो इसके पीछे उसके जरिए कामकाज के सुरक्षित होने को लेकर आश्वस्ति का भाव होता है। बल्कि कई बार तकनीक के उपयोग को इसी दलील पर बढ़ावा दिया जाता है कि वह पुराने तौर–तरीकों के मुकाबले ज्यादा सुरक्षित, पारदर्शी और सुविधाजनक है। लेकिन एक ताजा अध्ययन में बताया गया है कि आनलाइन गतिविधियों में धोखाधड़ी या ठगी के मामलों में जिस कदर बढ़ोतरी हो रही है और जल्दी इससे निपटने के प्रयास नहीं हुए तो आने वाले वक्त में डिजिटल दुनिया बहुत सारे लोगों के लिए एक परेशान करने वाला अनुभव साबित होगा। भारत में इंटरनेट आधारित कामकाज या अन्य गतिविधियों के अभी बहुत वक्त नहीं बीते हैं, लेकिन अभी ही जो तस्वीर उभर कर सामने आ रही है, वह चिंता पैदा करने के लिए काफी है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले तीन साल में करीब उनतालीस फीसद भारतीय परिवार आनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं। वैसे तमाम लोग हैं, जिन्हें एटीएम या डेबिट कार्ड या फिर क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल करते हुए ठग लिया गया। इसके अलावा, इंटरनेट आधारित कारोबार और बैंक खाते को लिंक कराने से लेकर अन्य कई अन्य तरीके से लोगों के साथ धोखाधड़ी हुई। यह स्थिति तब है जब भारत में अभी बहुत बड़ा क्षेत्र सारे काम के लिए आनलाइन पर पूरी तरह निर्भर नहीं हुआ है। आमतौर पर कोई भी तकनीक अपने आप में किसी काम को आसान बनाने का जरिया होती है। लेकिन किसी भी तकनीक का सुरक्षित होना इस बात पर निर्भर करता है कि उसका उपयोग करने वाला व्यक्ति उसके बारे में किस स्तर तक प्रशिक्षित है। पिछले कुछ सालों के दौरान समूची दुनिया में अमूमन हर क्षेत्र में डिजिटल गतिविधियों को प्रोत्साहित किया गया है। बल्कि कई जगहों पर तो इसके जरिए कोई काम कराना लगभग अनिवार्य बना दिया गया है। खुद सरकारी महकमों में सारे कामकाज को आनलाइन बनाने का प्रयास चल रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि इंटरनेट के प्रसार के साथ–साथ ठगी, धोखाधड़ी जैसे अपराधों के पुराने तरीके भी बदल कर इसी मुताबिक नए हो रहे हैं। साइबर ठगों का एक नया संजाल खड़ा हो रहा है, जो स्मार्टफोन या कंप्यूटर जैसे इंटरनेट आधारित यंत्रों को हैक करके बड़े अपराधों को भी अंजाम दे रहा है।आए दिन ऐसी खबरें आती हैं जिसमें ठगी के लिए लोगों के मोबाइल पर संदेश भेजा जाता है या उन्हें उलझाने वाली बात की जाती है। अगर वे इस जाल में फंस कर कोई पासवर्ड या पिन नंबर आदि साझा करने लगते हैं तो कुछ ही देर में उनके बैंक खाते से पैसे गायब हो जाते हैं। आधार कार्ड जैसे संवेदनशील दस्तावेज का ब्योरा जिस तरह बिना हिचक हर जगह दे दिया जाता है, उसके कई खतरे हैं। फिर ऐसी वेबसाइटें भी हैं, जो खरीदारी के नाम पर उपभोक्ता से पैसे तो ले लेती हैं, मगर उन्हें सामान नहीं मुहैया कराया जाता या फिर खराब उत्पाद भेज दिया जाता है। इसके अलावा, अन्य तरह की कुछ अवांछित गतिविधियां भी हैं, जिनमें उलझा कर पैसे ठग लिए जाते हैं या निजता में घुसपैठ कर भयादोहन किया जाता है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि शहर से लेकर गांवों तक डिजिटल तकनीकी के बढ़ते इस्तेमाल के साथ–साथ उसी अनुपात में अगर इसके सुरक्षित उपयोग के मामले में आम लोगों को जागरूक, सावधान और प्रशिक्षित नहीं किया गया तो यह आधुनिक तकनीक सुविधा या फायदे के बजाय ज्यादा नुकसान का ही वाहक बनेगा। खुद सरकार को डिजिटल गतिविधियों को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए एक ठोस और चौकस तंत्र बनाना चाहिए।

# प्रदर्शन के साथ फार्मेसिस्टों ने किया कार्य बहिष्कार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तराखण्ड के प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर राजकीय चिकित्सालयों व दवा भंडार कार्यालय में कार्यरत सभी फार्मेसिस्टो ने आज चौथे दिन भी दो घंटे का कार्य बहिष्कार जारी रखा। आंदोलित फार्मेसिस्ट ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन के साथ प्रात: आठ बजे से दस बजे तक दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बीएन बेलवाल ने बताया कि जब तक संगठन



की न्यायोचित मांगों का समाधान नहीं किया जाता आन्दोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया आगामी 6 मई तक पूरे प्रदेश के फार्मेसिस्ट प्रात: 8 बजे से 2 घण्टे का 10 बजे तक कार्य बहिष्कार करेंगे।इस दौरान कार्य बहिष्कार करने वालों में मंडलीय सचिव डीके जोशी,आरएस रौतेला, पीएस राणा, अनूप रावत, एससी सती, जीपी मिश्रा, एम एन गोस्वामी, सुरेश वर्मा, किशोर विश्वकर्मा, आरएस अधिकारी, जेएल शाह, एचसी पोखरिया, जेपी आर्य, प्रेम शंकर सिंह, एमएन गोस्वामी, मनोहर गंगवार, केसी नैनवाल, आरसी पाल, कुसुम लता, दलजीत सिंह, विकास बवाड़ी, आर एस चौहान आदि शामिल थे।

# 139 वर्षों बाद कल लगने वाले चंद्र ग्रहण का विशेष संयोग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बैसाखी व्रत व स्नान, दान की पूर्णिमा पर चन्द्र ग्रहण का साया रहेगा। नवसम्वतसर के प्रथम सूर्य ग्रहण के पन्द्रह दिनों के पश्चात ही चन्द्र ग्रहण का लगना ज्योतिष के क्षेत्र में अशुभ माना जाता है। वर्ष का पहला चन्द्र ग्रहण कल 5 मई दिन शुक्रवार को लगेगा। भारत में चन्द्र ग्रहण दिखाई तो नहीं देगा, मगर इसका प्रभाव देश – दुनिया में पडेगा। यह ग्रहण प्रशांत महासागर, हिन्द महासागर, अटलांटिक महासागर, अफ्रीका, नार्थ पोल में दिखाई देगा। इस चन्द्र ग्रहण के विषय पर ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष का प्रथम चन्द्र ग्रहण 5 मई दिन शुक्रवार , बैसाख पूर्णिमा की रात्रि में 8 बजकर 44 मिनट पर तुला राशि, स्वाति नक्षत्र में लगकर शुक्र व शनि की मध्य रात्रि में विशाखा नक्षत्र में रहकर समाप्त हो जायेगा। भारत में चन्द्र ग्रहण दिखाई न देने के कारण इसका धार्मिक तथा आध्यात्मिक महत्व नहीं है। इसलिये सूतक काल भी मान्य नहीं है।



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बुद्ध पूर्णिमा पर लगने वाले इस चन्द्र ग्रहण का संयोग 139 वर्षों के बाद बना है।उन्होंने बताया कि कुछ राशियाँ के लिये यह ग्रहण शुरू के पन्द्रह दिनों में अशुभता प्रदान करेगा। विशेष रूप से मेष, तुला, कुम्भ राशि के जातकोंको दाम्पत्य जीवन, मानसिक पीड़ा, आकस्मिक दुर्घटनाओं से सावधान रहना होगा। जिन जातकों की कुण्डली में चन्द्र की दशा खराब चल रही है वे जातक ग्रहण काल में शिव चालीसा या शिव स्त्रोत का पाठ कर दूसरे दिन प्रात:काल गरीबों में सफेद मिठाई का दान कर ग्रहण का प्रभाव कम कर सकते हैं। चन्द्र ग्रहण का प्रभाव राजनीतिक उथल – पुथल, प्राकृतिक आपदा, वायुयान दुर्घटना, अग्निकांड, साम्प्रदायिक तनाव, ज्वालामुखी विस्फोट के रूप में दिखाई देगा।

# सस्ता गल्ला विक्रेताओं की हड़ताल समाप्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विभागीय उच्चाधिकारियों से हुई वार्ता में मांगों पर सहमति बनने के बाद सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने हड़ताल समाप्त कर दी है। बता दें अपनी मांगों को लेकर सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने 1 मई से राशन वितरण बंद कर दिया था। मांगों को लेकर अधिकारियों से लगातार वार्ता चल रही थी। आयुक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति, अपर आयुक्त, उपायुक्त गढ़ाल, उपायुक्त कुमाऊं के साथ सस्ता गल्ला विक्रेताओं की वार्ता हुयी। वार्ता में विक्रेताओं के कमीशन का भुगतान शीघ्र करने के साथ ही मानदेय की मांग पर शासन स्तर पर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने हड़ताल समाप्त कर दी है। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फैडरेशन के मीडिया प्रभारी मदन लाल खन्ना ने बताया कि वार्ता संतोषजनक रही है। जिसके बाद हड़ताल वापस करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने सभी विक्रेताओं से मई माह का खाद्यान्न उठान करने और लाभार्थियों को वितरित करने का आहवान किया है।

# तमंचा कारतूस समेत बदमाश गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। आईटीआई पुलिस ने गश्त के दौरान एक बदमाश को शक के आधार पर दबोच कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक आईटीआई पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने ग्राम हरपुरा से कटैया की ओर जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते एक युवक को पुलिस ने शक के आधार पर धर दबोचा। तलाशी उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम ग्राम कटैया निवासी प्रेमपाल पुत्र सोमपाल बताया।पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद गिरफ्तार बदमाश का पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के अंतर्गत चालान करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।

# पत्रकार और पुत्र को फंसाये जाने के खिलाफ धरना प्रदर्शन

हरिद्वार (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रकाश चौहान और उनके पुत्र को पास्को एक्ट में फंसाकर जेल भेजने के विरोध में प्रेस क्लब हरिद्वार ने धरना प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया। नगर कोतवाली पर धरना प्रदर्शन करते हुए पत्रकारों ने वेद प्रकाश चौहान और उनके पुत्र पर पड़ोसियों से मामूली झगड़े के मामले में पुलिस द्वारा पास्को जैसे गंभीर मामले में फंसाये जाने की कड़ी निंदा की। पत्रकारों ने कहा कि स्थानीय पुलिस पत्रकार वेद प्रकाश चौहान से उनके द्वारा प्रकाशित कुछ समाचारों को लेकर खिन्न थी। पत्रकारो ने वेद प्रकाश चौहान और उनके पुत्र पर लगाये गये फर्जी मुकदमे को तत्काल वापस लेने की मांग की। देवपुरा स्थित प्रेस क्लब से कोतवाली तक मार्च निकालने के साथ ही पुलिस के खिलाफ पत्रकारों ने जमकर नारेबाजी भी की। इसके बाद पत्रकार धरने पर बैठ गये। पत्रकारों ने मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषी पुलिस कर्मियों को निलंबित करने की मांग की। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र नाथ गोस्वामी, अमित शर्मा, बालकृष्ण शास्त्री, ठाकुर मनोज कुमार, गुलशन नागर, तनवीर, एहसान अंसारी, जितेन्द्र चौरसिया, राजेश शर्मा, दीपक नौटियाल, त्रिलोक चंद, मांगे राम गौर, रजनी सहगल, प्रीति अग्रवाल, अविनाश गुप्ता आदि सहित कई पत्रकार थे।

# कांग्रेसियों ने फूंका कैबिनेट मंत्री अग्रवाल का पुतला

बागेश्वर (उद संवाददाता)। कांग्रेस ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा की गई मारपीट की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। विरोध में अग्रवाल के पुतले को आग के हवाले किया। यहां हुई सभा में ऐसे निरंकुश मंत्री को मंत्रीमंडल से हटाने की मांग की है। कांग्रेस ने भाजपा राज में सुशासन का दावा करने वाली सरकार के दावे को झूठा करार दिया। जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला के नेतृत्व में कार्यकर्ता बुधवार को एसबीआई तिराहे पर एकत्रित हुए। यहां जोरदार नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि कैबिनेट मंत्री अग्रवाल ने सत्ता के नशे में चूर होकरअशोभनीय कृत्य किया है। मंत्री ने सरेराह निर्दोष पर मारपीट की, साथ ही सत्ता की हनक भी दिखाई। सरकार निरंकुश हो गई है। उनके मंत्री बेलगाम है। जिम्मेदार पदों में बैठकरभी मंत्री स्वयं मारपीट पर ऊतारू हो गए हैं। कार्यकर्ताओं ने मंत्री से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने व सीएम धामी से मंत्रीमंडल से ऐसे निरंकुश मंत्री को हटाने की मांग की है।वही प्रदेश सरकार में निरंकुशता का राज होने, भृस्टाचार चरम पर होने,कानून व्यवस्था कमजोर होने,



सहित प्रदेश में भृस्टाचार चरम पर होने के आरोप लगाए।वही प्रदेश में बहु बेटियों पर बत्तमीजी दुराचार और बलात्कार के बाद हत्या की घटनाएं होने से आरोपियों को संरक्षण मिलने के आरोप लगाए, वही जिले की कानून व्यवस्था भी कमजोर होने और जिले में पहली बार एक साथ चार लोगों द्वारा आत्महत्या की घटना के बाद भी कोई सुध नही लिए जाने और मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नही होने,मानवाधिकार आयोग की टीम सहित विभिन्न समाजिक संगठनों द्वारा कोई भी कदम नहीं उठाए जाने से भी आत्महत्या की घटनाओं पर भविष्य में रोक लगाने के लिए कोई सकारात्मक कदम नही उठाने के आरोप लगाए, जिलाध्यक्ष भगवत डसीला ने सवाल उठाते हुए कहा कि जिले में हुई चार मासूमों की आत्महत्या के लिए जिम्मेदारों, और सुसाइट नोट में लिखे पत्र के आधार पर बन्द कमरे में सड़ी– गली अवस्था मे शव मिलने के बाद भी जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई नही होना पुलिस प्रशासन और सरकार के लिए सवालिया निशान है, जिला और प्रदेश में भृस्टाचार का बोलबाला है, आए दिन हो रही घटनाओं, विरोजगारो को भर्ती प्रक्रिया में पेपर लीक मामले, और नियमों को ताक में रखकर रसूखदारों को दिए जा रहे संरक्षण के लिए जिम्मेदार सरकार ,अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नही होने से भृस्टाचार,और तानाशाही को बल मिल रहा है। इस मौके पर पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व जिलाध्यक्ष लोकमणि पाठक, रंजीत दास, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गोपा धपोला, सुरेश सिंह, कवि जोशी,लक्ष्मी धर्मशक्तू, गुडडू पाठक,जिपं सदस्य रेखा देवी,महेश पंत,नबल किशोर टम्टा, दान सिंह आदि मौजूद रहे।।

# रिजर्व फॉरेस्ट में बनी सात मजारों पर चली जेसीबी

देहरादून। वन विभाग ने बीती मंगलवार की रात्रि को रिजर्व फॉरेस्ट में बनी सात मजारों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई की भनक आसपास के लोगों तक को नहीं लगी। ध्वस्त किए गए मजारों में दो लांघा और पांच तिमली रेंज में थे। मुख्यमंत्री ने सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए हुए है।कालसी भूमि संरक्षण वन प्रभाग अंतर्गत लांघा रेंज के बटोली अनुभाग के अंतर्गत बटोली प्रथम बीट के कक्ष संख्या–1 व 2 (।) में वर्षों पूर्व बनी दो मजारें थी। एक मजार के ऊपर लिंटर तक पड़ा था। बीती रात्रि रेंज अधिकारी दीपक गैरोला वन कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। जेसीबी की मदद से दोनों मजारों को ढहा दिया गया। कार्रवाई में करीब दो घंटे का समय लगा। रेंज अधिकारी ने बताया कि रेंज में दो मजारें थी, जिन्हें हटा दिया गया है। वहीं तिमली रेंज अंतर्गत बीते रात्रि कार्रवाई कर पांच मजारों को हटाया गया। रेंज अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि तीन मजार माजरी और एक–एक मजार शाहपुर कल्याणपुर और धौला बीट से हटाई गई। उन्होंने बताया कि तिमली रेंज में अब तक 15 मजारों को हटाया जा चुका हैं। बतादें कि पूर्व में चकराता वन प्रभाग के रिवर रेंज अंतर्गत कालसी आम बाग में भी मजार और पक्के निर्माण को ध्वस्त किया गया था। भूमि संरक्षण वन प्रभाग कालसी के डीएफओ अमरेश कुमार ने बताया कि भविष्य में रिजर्व फॉरेस्ट में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न हो, इस संबंध में सभी रेंज और बीट अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# बिना डिग्री के संचालित हो रहा क्लीनिक सील

हल्द्वानी। हल्द्वानी में एक बार फिर प्रशासन ने अवैध क्लीनिक संचालकों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया है। इसी क्रम में सिटी मजिस्ट्रेट ने सीएमओ के साथ मिलकर छापेमारी की कार्रवाई कर एक और अवैध क्लीनिक को सील किया है।बता दें बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह और सीएमओ रश्मि पंत द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी की कार्रवाई की गई है। इस दौरान दमूवाढूंगा क्षेत्र में बिना डिग्री के संचालित हो रहे राधास्वामी क्लीनिक को सील कर दिया गया है। जबकि एक मेडिकल स्टोर में अवैध तरीके से लिए जा रहे ब्लड सैंपल के मामले में क्लीनिक को बंद करवाया गया है।सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया की जिन जगहों पर अवैध तरीके से क्लीनिक चल रहे हैं। उनके खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में आज उनके और स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ राधास्वामी क्लीनिक के खिलाफ कार्रवाई की गई। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया की झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। बता दें बीते कुछ दिन पहले डिलीवरी के दौरान लापरवाही बरतने पर एक महिला की मौत का मामला सामने आया था। जिसकी शिकायत स्वास्थ्य विभाग के पास पहुंची। उसके बाद से ही प्रशासन सख्त और जिले में अवैध क्लीनिक चलाने वाले झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मचा हुआ है।

# मवेशियों को जहर देकर मारने वाले कैमरे में कैद

हरिद्वार। जनपद के भगवानपुर से अनोखा मामला सामने आया है। जिसमें किसानों ने दो युवको पर उनके मवेशियों को जहर खिलाकर मारने का आरोप लगाया है। दरअसल मामले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसमें दो युवक एक बाइक पर आते हैं। उनमें से एक युवक मवेशियों के पास जाता है और जहर खिला देता है। जिसके कुछ ही देर बाद दोनों मवेशियों की मौत हो जाती है। मवेशी स्वामी राजकुमार पुत्र जगपाल ने पुलिस को तहरीर देकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। बता दें भगवानपुर थाना क्षेत्र में अचानक हो रही भैंसों की मौत से किसान परेशान थे। जब पास लगे सीसीटीवी कैमरे को चौक किया गया तो हैरान करने वाला वीडियो सामने आया। वीडियो में दो युवक एक बाइक पर आते है और उनमें से एक युवक भैंस के पास जाता है और कुछ खिला देता है। कुछ ही देर बाद दोनों मवेशियों की मौत हो जाती है।बता दें ठीक ऐसा ही एक और मामला पूर्व में भी सामने आया था। जिसमें घर के पास स्वस्थ्य मवेशी की अचानक मौत हो गई थी। दोनो मामलों में पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चुड़ियाला मोहनपुर निवासी प्रेमचंद पुत्र आधाराम ने बताया कि वह अपने खेत मे काम कर रहे थे। इस दौरान बाहर खड़े भैंसे की अचानक मौत हो गई थी। मवेशी स्वामी राजकुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रोजमर्रा की तरह वह अपने भैंसा बुग्गी में चारा लेकर आया था। जिसके बाद घर के बाहर भैंसे को बांध दिया। कुछ ही देर में अचानक भैंसे की मौत हो गई। जब पास लगे सीसीटीवी कैमरे को चौक किया गया तो दो लड़के मोटरसाइकिल पर आते हुए दिखे। जिसके बाद एक युवक ने पैदल जाकर भैंसे को कुछ खिलाकर फरार हो गए। दोनो किसानों ने भैंसे को जहर देकर मारने वाले युवकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# मां जगदीशीला की डोली काशीपुर पहुंचते ही थम गई बरसात!

## श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में नवाये शीश, रथ यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

काशीपुर(उद संवाददाता)। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा विश्वनाथ मां जगदीशीला 24वीं डोली रथ यात्रा का यह काशीपुर पहुंचने पर देर शाम रामनगर रोड स्थित मेहरोत्रा एंटरप्राइजेज हीरो शोरूम के समीप प्रतिष्ठान स्वामी दिवंगत मुकेश मेहरोत्रा की धर्मपत्नी बीना मेहरोत्रा एवं सुपुत्र अर्पित मेहरोत्रा व उनकी धर्मपत्नी नवदीप मेहरोत्रा के द्वारा मां के दिव्य चरणों में पुष्प अर्पित कर भव्य स्वागत किया गया। चमत्कारिक पहलू यह रहा कि रथ यात्रा के काशीपुर पहुंचने से पूर्व मौसम बेहद खराब था और रुक रुक कर लगातार बारिश हो रही थी लेकिन जैसे ही मां की डोली ने काशीपुर में प्रवेश किया बरसात आश्चर्यजनक ढंग से रुक गई और स्वागत कार्यक्रम निर्विघ्न तरीके से संपन्न हुआ। यह देखकर श्रद्धालुओं में मां के प्रति अगाध आस्था उमड़ पड़ी। ज्ञातव्य है कि बाबा विश्वनाथ मां जगदीशीला की 24वीं डोली रथ यात्रा का 29 दिवसीय भ्रमण इन दिनों आरंभ है। इसी क्रम में मां की भव्य रथ यात्रा बुधवार शाम काशीपुर पहुंची। यहां रामनगर रोड पर हीरो शोरूम के समीप मेहरोत्रा इंटरप्राइजेज के स्वामी अर्पित मेहरोत्रा द्वारा रथ यात्रा के स्वागत सत्कार की भव्य व्यवस्था की गई थी लेकिन पूरे दिन बेहद खराब मौसम के कारण मेहनत पर पानी फिरने को लेकर मां के अनुयाई बेहद पशोपेश में थे। लेकिन आश्चर्यजनक ढंग से काशीपुर में मां के डोले की प्रवेश करने के साथ ही बरसात थम गई और संपूर्ण कार्यक्रम भव्य तरीके से संपन्न हुआ। मां की डोली के साथ चल रहे महंत ने अपने उद्बोधन में काशीपुर की धर्म प्रेमी जनता का आभार जताते हुए उनके सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि पहले डोली के साथ पुरुष चला करते थे लेकिन अब दंपत्ति साथ होते हैं यानी महिलाएं भी इस धर्म यात्रा में शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि 12 वर्ष पूर्व मां की डोली चारधाम गई थी इसके बाद बाबा विश्वनाथ की प्रेरणा से समूचे



उत्तराखंड में मां की डोली के भ्रमण का आदेश हुआ है। उसी बाबा विश्वनाथ के चमत्कारिक आदेश का अनुपालन करते हुए मां की डोली संपूर्ण उत्तराखंड में भ्रमण के लिए निकली है। महंत जी ने गंगा प्रसाद नैथानी को अपना गुरु बताया। उन्होंने बताया कि श्री नैथानी के सफल नेतृत्व में मां की डोली संपूर्ण उत्तराखंड में भ्रमण कर वापस गंतव्य पर पहुंचेगी। यह डोली रथयात्रा 3 मई हरिद्वार प्रसिद्ध स्थल हर की पैड़ी से प्रारंभ होकर अपने 24 वर्ष में प्रवेश कर गई है और 3 मई से आरंभ हरिद्वार से किया गया है। उन्होंने बताया कि विभिन्न स्थलों से होते हुए संपूर्ण उत्तराखंड के प्रसिद्ध देव स्थलों पर बाबा विश्वनाथ मां जगदीश शिला चौबीस बी डोली रथ यात्रा प्रस्थान कर रही है तथा इसका समापन 30 मई को भगवान श्री रामचंद्र जी के गुरु वशिष्ठ स्वामी रामतीर्थ जी की तपस्थली विशाल पर्वत पट्टी 11 गांव हिदाव विकासखंड टिहरी गढ़वाल में होगा। रथ यात्रा का उद्देश्य राज्य के विकास को गतिशील बनाने, विश्व शांति की कामना, हजार धाम चिन्हीकरण, पर्यावरण संरक्षण संवर्धन तथा वन भूमि को उपयोगी बनाने के साथ ही जड़ी-बूटी प्रोत्साहन एवं वेद पुराणों की संस्कृत भाषा की उत्पत्ति एवं विभिन्न धार्मिक धामों से प्लास्टिक एवं पॉलीथिन प्रतिबंधित करने हेतु किया जा रहा है। स्वागत कार्यक्रम के दौरान बड़ी तादाद में धर्म प्रेमी जनता के अलावा पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा, कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष संदीप सहगल, अरुण चौहान, राकेश मेहरोत्रा, मुशर्रफ हुसैन, सुभाष पाल, अब्दुल अजीज कुरैशी, सचिन नाडिग, संजय रावल, विनोद होंडा आज दर्जनों शामिल रहे। बाबा विश्वनाथ मां जगदीशीला की 24वीं डोली रथयात्रा ने बुधवार रात्रि मोहल्ला किला स्थित संस्कृत विद्यालय में विश्राम किया। गुरुवार की सुबह मां की रथ यात्रा अपने अगले पड़ाव के लिए रामनगर की ओर रवाना हो गई। समाजसेवी अर्पित मेहरोत्रा ने बताया कि इस तरह के धार्मिक कार्यों से जहां मन को सुकून को शांति मिलती है वही मां के आशीर्वाद से धर्म प्रेमी परिवारों में सुख व समृद्धि का वास होता है।

## सूचना संचार एवं प्रौद्योगिकी विषय पर गोष्ठी आयोजित

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। गुरु नानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय नानकमत्ता के सरस्वती भवन सभागार में बीबीए डिपार्टमेंट के द्वारा आयोजित जी 20 कार्यक्रम के तहत सूचना संचार एवं प्रौद्योगिकी विषय पर कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सीता मेहता



एवं बीएड विभाग प्रभारी डॉ इंदु बाला ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में मनप्रीत कौर ,सिमरन राणा, सहित बीबीए की छात्र छात्राओं ने सूचना संचार प्रौद्योगिकी विषय पर नाटक प्रस्तुत किया और मुस्कान अंसारी, सुखविंदर कौर, कमला भट्ट ने सूचना संचार प्रौद्योगिकी विषय, पर भाषण प्रस्तुत किए ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सीता मेहता ने सूचना संचार एवं प्रौद्योगिकी विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के भौतिकता के युग में संचार सरलता से कार्य को करने का एक माध्यम है टेक्नोलॉजी के वर्तमान समय पर उच्च शिक्षा के लिए यह माध्यम श्रेयस्कर है। छात्र छात्राओं को टेक्नोलॉजी का उच्च शिक्षा के लिए लाभ उठाना चाहिए। बीएड विभागाध्यक्ष डॉ इंदु बाला ने कहा कि आज शिक्षा के क्षेत्र को इस नवीन तकनीकी अनुदेशन तथा सूचना तकनीकी ने मानवीय ज्ञान में वृद्धि की है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्कृत प्राध्यापक डॉ मनोज कुमार जोशी ने सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के महत्व को बताते हुए कहा कि वर्तमान में मानव जीवन का प्रत्येक पहलू सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी से अछूता नहीं है उसी प्रकार शिक्षा का क्षेत्र भी इसके प्रभावों से प्रभावित नहीं हो रहा है। नए नए साधनों का बढ़ता उपयोग आज शिक्षा के क्षेत्र में नूतन ज्ञान के सृजन के लिए एक सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर प्राध्यापिका अफ्सा खान , प्रिया थापा, रश्मि सारथी, हरविंदर सिंह, कविंद्र सिंह ,गोपाल सिंह,नीमा गोस्वामीऔर ज्योति राणा, आरती राणा, कामिनी राणा, तेज प्रकाश जोशी ,रोशन कुमार, डॉ सरस्वती भट्ट, पूनम राणा, दुर्गा नाथ गोस्वामी देवराम समेत तमाम छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## सीडीओ के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले कर्मचारी

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कर्मचारियों के अनुपस्थित मिलने की शिकायत सीडीओ को लंबे समय से मिल रही है। इसकी पुष्टि करने के लिए उन्होंने कई कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें लोगों की शिकायत सही मिली। कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले। सीडीडो ने सभी कर्मचारियों के एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि विभाग व सरकार की छवि खराब करने वाले कर्मचारी अपनी कार्यशैली आज से ही बदलें। सीडीओ संजय सिंह ने मंगलवार को जिला बाल संरक्षण कार्यालय, फायर स्टेशन व बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड कार्यालय का जिला समाज कल्याण अधिकारी के साथ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला बाल संरक्षण कार्यालय में जिला परिवीक्षा अधिकारी संतोष जोशी व लेखाकार मनोज तिरूवा उपस्थिति लगाने के पश्चात कार्यालय में अनुपस्थित थे। बाल संरक्षण अधिकारी शंकर गोस्वामी दो दिन से अनुपस्थित पाए गए, वहीं कार्यालय तैनात भावना शाह निरीक्षण के दौरान सोफे पर सो रही थी। बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड कार्यालय के निरीक्षण दौरान तीन कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। सीडीओ ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को अनुपस्थित कर्मचारियों के एक दिन का वेतन रोकने की आंख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा अधिकारी, कर्मचारी के बिना अवकाश लिए अनुपस्थित रहना खेद जनक है, इससे जहां विभाग व सरकार की छबि खराब होती है वहीं जनता के कार्यो में भी विलंब होता है। सभी अधिकारी, कर्मचारी समयानुसार कार्यालय में उपस्थित होन एंव छोड़ना सुनिश्चित



करें। उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालय में समयानुसार उपस्थित नहीं पाए जाएंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इसी तरह सभी विभागों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इधर सीडीओ के निरीक्षण के बाद कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा।

## पेज एक का शेष...

**आदि कैलाश यात्रा..**क्षेत्र में किसी भी तरह की दिक्कत होगी तो वह तत्काल यात्रा गाइड को सूचित करें। गुरुवार सुबह तकरीबन 9:30 बजे काठगोदाम से रवाना हुआ यात्रियों का दल सबसे पहले बाबा नीब करौली के दर्शन करेगा। इसके बाद अल्मोड़ा स्थित चितई में गोल्ज्यू देवता के दर्शन कर जागेश्वर के लिए रवाना होगा। उसके बाद जागेश्वर धाम के दर्शन कर पर्यटक आवास गृह में भोजन करेंगे। इसके उपरांत यात्री पिथौरागढ़ के लिए रवाना होंगे। कोरोना काल के बाद यात्रा शुरू होने से यात्रियों में गजब का उत्साह है। साथ ही कुमाऊं मंडल विकास निगम के अधिकारी और कर्मचारी यात्रियों के स्वागत के लिए उत्साहित दिखे। यात्रियों ने बताया की वह आदि कैलास की यात्रा को लेकर बेहद उत्साहित हैं, उन्हें बाबा भोलेनाथ के दर्शन का सौभाग्य मिला है। इस मौके के पर गिरधर मनराल, भुवन कांडपाल, दीपक पांडे, हेमंत जोशी आदि मौजूद रहे।

**हादसे में यूटयूबर...**प्रति घंटा की रफ्तार से चलाने की कोशिश की थी। अगस्त्य बाइक चलाते हुए वीडियो भी बना रहे थे। बताया जा रहा है कि उसने खुद अपने वीडियो में बताया था कि उसने इससे पहले कभी भी 300 की स्पीड से नहीं चलाई है, वह पहली बार 300 की स्पीड से बाइक को दौड़ाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन वह इस स्पीड में बाइक को संभाल नही पाया। इस दौरान डिवाइडर से टकराने के बाद अगस्त्य चौहान की मौत हो गई। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।

**उत्तराखंड में भूकंप...**वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी के भूकंप विज्ञानियों की मानें तो उत्तराखंड भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील है। उत्तराखंड का ज्यादातर इलाका भूकंप के लिहाज से जोन चार और पांच में हैं। उत्तराखण्ड में बार-बार भूकंप की घटनाएं देखने को मिल रही हैं। जो किसी बड़े खतरे का संकेत दे रही हैं।

**मदद के नाम पर...**में वापस कर दूंगा । हेम सिंह ने बताया आईडी उसके परिचित की थी यह सोच कर उसने 26 नवम्बर 2022 को छह बार में 5, 19995, 39990, 30000, 39990 व 30000 रूपये तथा 27 नवम्बर 2022 को 30000 रुपये कुल 189980 रुपये अपने गूगल पे से उसके खाते में डाल दिए। उसके द्वारा फोन पर बात की गई थी। बाद में उसे मालूम हुआ कि किसी अनजान व्यक्ति द्वारा फेसबुक पर फेक अकाउंट बनाकर उससे पैसे ले लिए है। हेम सिंह का कहना है कि वह भारतीय थल सेना में कार्यरत है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**एसएसपी ने किये ...**प्रभारी चौकी गढ़ीनेगी थाना कुंडा, उप निरीक्षक ललित बिष्ट प्रभारी एसओजी काशीपुर से प्रभारी चौकी मझोला कोतवाली खटीमा, उपनिरीक्षक भुवन चंद्र जोशी एसओजी रुद्रपुर से प्रभारी एसओजी काशीपुर, उप निरीक्षक कीर्ति बल्लभ भट्ट थाना पुल बट्टा से प्रभारी चौकी चुका थाना झनकईया, उप निरीक्षक मनोज सिंह धोनी प्रभारी चौकी चूका थाना झनकईया, उपनिरीक्षक पंकज महर कोतवाली खटीमा से प्रभारी चौकी झनकट कोतवाली खटीमा, उप निरीक्षक प्रदीप कुमार भट्ट पुलिस लाइन से थाना दिनेशपुर, उप निरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट थाना दिनेशपुर से थाना आईटीआई, उप निरीक्षक अनुराग सिंह पुलिस लाइन से कोतवाली खटीमा, उप निरीक्षक ध मेंन्द्र कुमार पुलिस लाइन से थाना नानकमत्ता, उप निरीक्षक दरवान सिंह थाना नानकमत्ता से थाना पुलभट्टा, उप निरीक्षक नवीन चन्द्र सुयाल पुलिस लाइन से थाना दिनेशपुर, उप निरीक्षक पूरण सिंह थाना ट्रांजिट कैम्प से थाना गदरपुर, उप निरीक्षक सुनील सिंह बिष्ट पुलिस लाइन से कोतवाली रुद्रपुर, उप निरीक्षक मनोज सिंह पुलिस लाइन से कोतवाली किच्छा, उप निरीक्षक मुकेश मिश्रा पुलिस लाइन से कोतवाली रुद्रपुर, उप निरीक्षक बबीता गोस्वामी पुलिस लाइन से कोतवाली जसपुर तथा उप निरीक्षक प्रियंका टम्टा पुलिस लाइन से सिडकुल चौकी पंतनगर स्थानांतरण किया गया है।

**मौसम खुलने के बाद...**के लिए पैदल यात्रा शुरू करने का निर्णय लिया है। पुलिस अधीक्षक डा. विशाखा अशोक भदाणे ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही यात्रा का संचालन किया जाएगा। सोनप्रयाग, गौरीकुंड से सीमित संख्या में यात्री भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि पैदल मार्ग पर तैनात पुलिस, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ के जवानों को भी पूरी तरह से सतर्क रहने को कहा गया है। वहीं पुलिस महानिदेशक व पुलिस अधीक्षक केदारनाथ में डेरा जमाए हुए है। बर्फबारी के बीच उन्होंने धाम में यात्रियों से संवाद कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। साथ ही व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इस दौरान बाबा के दर्शन करने वाले यात्रियों को निचले इलाकों के लिए भेजा गया। अपराह्न 3 बजे तक 2090 श्रद्धालु सोनप्रयाग लौट आए थे जबकि रुद्रप्रयाग से गौरीकुंड तक जगह-जगह अब भी 18,000 से अधिक श्रद्धालु रोके गए हैं। वहीं, कहीं दिनों बाद मौसम साफ होने से गंगोत्री यमुनोत्री धाम में चटख धूप खिली। जिसके बाद यमुनोत्री धाम सहित जानकीचट्टी से यमुनोत्री तक श्रद्धालुओं की चहल-पहल है।

**लाखों की स्मैक...**आता दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर जब उसने भागने की कोशिश की तो पुलिस कर्मियों ने पीछा कर कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम जीशान अहमद पुत्र रियाज अहमद निवासी जुठिया, शहजादनगर जनपद रामपुर बताया। उसका कहना था कि उसके पास स्मैक है। इस पर उनि हरविंदर कुमार ने क्षेत्राधिकारी को मामले से अवगत कराया। उनके आने पर जीशान की तलाशी ली गई। जिसके पास से कुल 73 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। बरामद स्मैक के सम्बन्ध मे पूछने पर जीशान ने बताया कि वह यह स्मैक मीरगंज निवासी व्यक्ति से 1500 रूपये प्रति ग्राम के हिसाब से खरीदकर यहां 1800 रूपये प्रतिग्राम के हिसाब से काशीपुर, रूद्रपुर, किच्छा, हल्द्वानी व पिथौरागढ़ आदि क्षेत्रों में बेच देता है । उसका कहना था वह इससे पूर्व करीब बीस बार ड्रग की सप्लाई कर चुका है। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद बरामद स्मैक कब्जे में लेकर जीशान के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया। बरामद स्मैक की कीमत करीब सात लाख रूपये बताई जा रही है।

**टीवी मैकेनिक...**को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता हसीब पुत्र सलीम अहमद निवासी ग्राम मानपुर तहसील बहेड़ी जिला बरेली बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल 68 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने हसीब के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि हसीब ओल्ड आईटीआई बरेली रोड पर एलईडी बॉश नाम से एलईडी एसेम्बलिंग का कार्य करता है तथा अधिक कमाई के फेर में पड़कर स्मैक तस्करी करने लगा। क्योकिं बरेली में अभियुक्त को सस्ते दामों में स्मैक उपलब्ध हो जाती है जिसे हल्द्वानी में उचित दामों में बेचा जाता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम को 2500 रुपए का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

**दरोगा ने भाजपा...**की। पुलिस कर्मी राठौर को जबरन फंसाने की धमकी दे रहे थे। मामले की जानकारी मिलने पर आज भाजपाईयों एवं हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर एसआई पूरन सिंह तोमर को निलंबित करने की मांग की। मामले को लेकर एसएसपी को ज्ञापन भी प्रेषित किया गया है। विरोध प्रदर्शन में मनोज मदान, धीरेश गुप्ता,जीके शर्मा, विजय डे, हिमांशु रस्तोगी,विधान राय, छोटे लाल, धर्मेन्द्र राठौर, मुक्ता प्रसाद, गोविंद, गिरीश राठौर, रविन्द्र, दीपक दिवाकर आदि शामिल थे।

**पांचपेटी अंग्रेजी...**की तो उन्होंने अपना नाम पता वीरेंद्र यादव पुत्र रामबली यादव निवासी जोहल पैराडाइज डिब्बा थाना बिलासपुर उत्तर प्रदेश मूल निवासी कटोरी मंदिर के पास रम्पुरा तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम पता अभय पुत्र मिथलेश जायसवाल निवासी रामनाथ शर्मा मार्ग मणिकपुर गोपालगंज बिहार हाल निवासी वार्ड नंबर 2 ठाकुर नगर, ट्रांजिट कैंप बताया। तलााशी लेने पर कार से कुल पांच पेटियों अंग्रेजी शराब की बरामद हुई। पुलिस ने बरामद शराब व कार कब्जे में लेकर दोनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

**पूर्व पार्षद के कातिल...**मोहल्ला कानूनगोयान निवासी टेकचंद्र पुत्र अमरनाथ के खिलाफ पुलिस ने धारा 302 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उसे जेल रवाना कर दिया। पार्षद की हत्या शहर में चर्चा का विषय बनी है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा** **समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
GABA HOUSING
PVT. LTD.
PROJECT
APPROVED
PROJECT
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
साईट ऑफिस
शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास,
रुद्रपुर
86501-18000